आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

यश भारत

नये जमाने के साथ

● वर्ष- 16 अंक 250 ● कटनी ● शुक्रवार, 14 अक्टूबर, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● कार्तिक मास कृष्ण पक्ष-5 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

मॉस्को से दिल्ली आ रहे विमान में बम की सूचना से हड़कंप, सभी यात्री और क्रू मेंबर सुरक्षित

नई दिल्ली, एजेंसी। मॉस्को से दिल्ली आ रही फ्लाइट संख्या एसयू 232 में गुरुवार रात बम होने की सूचना मिली। शुक्रवार तड़के लगभग 3.20 बजे यह विमान आईजीआई के रनवे संख्या 29 पर उतरा। जहां फ्लाइट से 386 यात्री और 16 क्रू मेंबर को उतारा गया। इसके बाद विमान की जांच की गई जिसमे कुछ संदिग्ध नहीं मिला है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि विमान की जांच की जा रही है और तहकीकात जारी है। जानकारी के अनुसार, रात को 11.30 बजे दिल्ली पुलिस को एक फोन आया। जिसमें बताया गया कि मॉस्को से दिल्ली आ रहे विमान में बम है। इसके बाद सभी एजेंसियों को अलर्ट किया गया। विमान के तड़के 3.30 बजे आईजीआई एयरपोर्ट पर लैंड होते ही सभी यात्रियों के बैग और सामान की चेकिंग की गई। फ्लाइट को भी चेक किया गया। रेस्क्यू टीम भी आईजीआई एयरपोर्ट पहुंची। अभी तक की जांच में पुलिस को कुछ संदिग्ध नहीं मिला है। इसलिए माना जा रहा है कि यह किसी शरारती तत्व की हरकत होगी। यह घटना तब घटित हुई है जब कुछ दिन पहले ही ईरान के महान एयर के विमान में लाहौर एयर ट्रैफिक कंट्रोस से बम होने की सूचना मिली। इसके बाद विमान को भारतीय क्षेत्र में उतारने की इजाजत मांगी गई जिससे एटीसी ने इनकार कर दिया। जोधपुर एयरबेस से भारतीय वायुसेना के सुखोई विमान को इसके पीछे लगाया गया। हालांकि बाद में यह सूचना झूठी निकली।

फायरिंग से दहला एक और अमेरिकी शहर, नाबालिग ने पुलिस अधिकारी समेत 5 को मौत के घाट उतारा

नॉर्थ कैरोलिना , एजेंसी। अमेरिका के एक और शहर में फायरिंग की घटना सामने आई है। इस बार नॉर्थ कैरोलीना शहर में फायरिंग से लोगों में हड़कंप मच गया। वारदात में एक पुलिस अधिकारी समेत पांच लोगों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है मरने वालों की संख्या में इजाफा हो सकता है। रैले पुलिस ने जानकारी दी है कि आरोपी एक किशोर है। फिलहाल आरोपी पुलिस कस्टडी में है। लोगों से अपने घरों पर ही रहने की अपील की गई है। मामले की जानकारी नॉर्थ कैरोलिना के मेयर रॉय कूपर ने समाचार एजेंसी के हवाले से दी है। एक न्यूज के एक सहयोगी ने कानून प्रवर्तन सूत्रों का हवाला देते हुए कहा कि गुरुवार रात नॉर्थ कैरोलिना में एक पुलिस अधिकारी सहित कम से कम पांच लोग मारे गए। रिपोर्टों से पता चलता है कि संदिग्ध शूटर एक लंबी बंदूक वाला एक किशोर था, उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है ।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मौत का आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है क्योंकि, घायलों में कईयों की हालत नाजुक बनी हुई है। वहीं घायलों को इलाज के लिए वेकमेड अस्पताल में भर्ती किया गया है। संदिग्ध को अधिकारियों ने गैरेज में बंद कर दिया था। रैले पुलिस ने बताया कि स्थानीय निवासियों से घर पर रहने का अनुरोध किया गया है। फिलहाल पुलिस आरोपी को पकड़ने के प्रयास कर रही है।

छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले में फिर हिली धरती

4.8 रिक्टर तीव्रता के भूकम्प के झटके

अंबिकापुर, ईएमएस। अम्बिकापुर सरगुजा संभाग के कोरिया जिला अंतर्गत छिंदडांड इलाके में गजबन्ध और राक्या के बीच शुक्रवार प्रात: पांच बज कर 28 मिनट 23 सेकेंड पर 4.8 रिक्टर तीव्रता के भूकम्प के झटके महसूस किए गए। इससे किसी तरह के जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। लगभग एक महीने पूर्व भी इसी जगह भूकम्पीय झटके महसूस किए गए थे। मौसम विभाग के प्रारम्भिक जानकारी के अनुसार यह भूकम्प सतह से 10 किमी की गहराई पर केंद्रित था। इसकी भौगोलिक अक्षांशीय स्थिति 23.33ए उत्तरी अक्षांश और 82.58ए पूर्वी देशांतर थी।

गुजरात - हिमाचल प्रदेश में चुनाव का आज होगा ऐलान !

चुनाव आयोग बजा सकता है बिगुल

नई दिल्ली, एजेंसी। गुजरात और हिमाचल प्रदेश में चुनाव का बिगुल आज बज सकता है। चुनाव आयोग ने आज दोपहर 3 बजे चुनाव आयोग में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई है। माना जा रहा है कि इस दौरान उसकी ओर से दोनों राज्यों में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान किया जा सकता है। गुजरात में आमतौर पर दो चरणों चुनाव होते रहे हैं। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश में एक ही राउंड में मतदान होने करी परंपरा रही है। माना जा रहा है कि चुनाव आयोग की ओर से यही शेड्यूल इस बार भी रह सकता है। 2017 के विधानसभा चुनाव में हिमाचल प्रदेश में 9 नवंबर को एक ही राउंड में मतदान हुआ था, जबकि गुजरात में 9 और 14 दिसंबर को वोटिंग हुई थी। इसके बाद 18 दिसंबर को नतीजे आए थे। कुछ ऐसा ही शेड्यूल इस बार भी हो सकता है और दिसंबर के दूसरे पखवाड़े में दोनों राज्यों के चुनाव रिजल्ट आ सकते हैं। दोनों ही राज्यों में फिलहाल भाजपा की सरकार है और उसके लिए वापसी करने की चुनौती होगी। वहीं गुजरात में अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी भी मजबूती से ताल ठोक रही है। कांग्रेस गुजरात में अब तक सुस्त ही नजर आई है, लेकिन उसका बड़ा वोट बैंक रहा है।

गुजरात में पहली बार होगा त्रिकोणीय मुकाबला

ऐसे में इस बार गुजरात में पहली बार त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल सकता है, जो हमेशा से कांग्रेस और भाजपा के बीच ही केंद्रित रहा है। हिमाचल प्रदेश में भी आम आदमी पार्टी दांव आजमा रही है। हालांकि यहां कांग्रेस गुजरात के मुकाबले थोड़ा मजबूत स्थिति में है। हिमाचल प्रदेश में हर 5 साल पर सरकार बदलने की परंपरा रही है, लेकिन भाजपा इस बारे मजबूती के साथ मिशन रिपीट पर काम कर रही है। गौरतलब है कि हिमाचल और गुजरात दोनों ही राज्यों में भाजपा के शीर्ष नेता बीते एक महीने से लगातार दौरे कर रहे हैं। खासतौर पर पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने गृह राज्य गुजरात और हिमाचल के कई दौरे किए हैं और कई बड़ी योजनाओं का ऐलान किया है।

दीवाली के पहले ही मप्र स्टेट जीएसटी का ऑपरेशन धमाका

पटाखा व्यापारियों के 160 ठिकानों पर छापेमारी

भोपाल , ईएमएस। कोरोना महामारी के बाद बिना किसी पाबंधी अब सभी त्योहार मनाए जा रहें हैं। दीवाली से पहले लोगों में काफी उत्साह नजर आ रहा हैं। खास कर पटाखों की दुकानों पर धीरे धीरे भीड़ बढ़ना शुरू हो गई है। पटाखों की बिक्री का सीजन दीवाली से ही शुरू होता है और फिर शुरू हुए शादियों के मुहर्त के खत्म होने तक ही रहता है। इसी बीच मध्य प्रदेश स्टेट जीएसटी की टीम ने पटाखा व्यापारियों के ठिकानों पर छापेमारी की। दीवाली के सीजन में पटाखों का मार्केट जोरों पर है। पटाखा व्यापारियों के लेनदेन की जानकारी के लिए मध्य प्रदेश स्टेट जीएसटी की टीम ने बुधवार को करीब 160 ठिकानों पर छापेमारी की। च्ऑपरेशन धमाकाज्ज के तहत स्टेट जीएसटी की टीम ने प्रदेश के 59 पटाखा डिलर्स के यहां छापेमारी की, जिसमें अब तक करोड़ों के टैक्स चोरी का खुलासा हुआ है। दरअसल प्रदेश के कई शहरों में पटाखा कारोबारियों के ठिकानों पर बुधवार को एक साथ छापा मार कार्रवाई की गई। इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, हरदा, कटनी समेत अन्य तमाम शहरों के कुल 59 पटाखा व्यापारी जीएसटी की जांच के दायरे में हैं। मिली जानकारी के अनुसार इंदौर में 12 पटाखा डीलरों के 55 ठिकानों पर जांच की गई। करीब 200 अधिकारियों की टीम अकेली इंदौर में टैक्स चोरी का पता लगाने में जुटी हुई थी। वहीं अंधेरा गहराने के बाद कार्रवाई के दायरे में आए व्यापारियों की दुकानें और गोदाम सील कर दिए गए। विभाग के अनुसार जांच गुरुवार को भी जारी है। शुरुआती जांच में ही बड़े पैमाने पर कर चोरी सामने आई है। अधिकारी की माने तो आगे की कार्यवाई में कई और बड़े खुलासे होने की संभावनाएं हैं। इस छापेमारी के दौरान स्टेट जीएसटी के अधिकारी रीजनल पार्क के सामने लगी अस्थायी थोक पटाखा दुकानों, व्यापारियों की अलग-अलग क्षेत्रों में बनी दुकानों, गोदामों के साथ जीएसटी के अधिकारी कारोबारियों के घरों पर भी जांच करने पहुंचे। विभाग के अधिकारी बुधवार को खरीदी बिल, बिक्री के रिकार्ड और स्टाक की जांच में जुटे रहे। और देर रात तक दुकानों के साथ ग्रामीण क्षेत्र में बने पटाखा गोदामों और फैक्ट्री पर जीएसटी की टीमें जांच में जुटीं रही।

भूत उतारने में बेटी की ही जान ले ली

भूखा-प्यासा रखा, बांधकर पीटता रहा; मौत के बाद भी 3 दिन सोचता रहा जिंदा है तालाला

गिर सोमनाथ, एजेंसी। गुजरात में अंधविश्वास के चलते बेटी की हत्या का मामला सामने आया है। पिता और ताऊ को शक था कि लड़की को भूत लगे हैं। ऐसे में लड़की को गन्ने के खेत में बांधकर पीटा। उसे भूखा रखा। इससे उसकी मौत हो गई। उन्हें तंत्र-मंत्र में भरोसा था। उनका मानना था कि तांत्रिक अनुष्ठान और मारपीट से भूत भाग जाएगा। घटना के बारे में लढ़की की मां और नाना को पता चला तो उन्होंने एफआईआर दर्ज कराई, तब यह मामला सामने आया। घटना गिर सोमनाथ जिले में तालाला के धावा गांव की है। पुलिस के मुताबिक, मृतक धैर्या की उम्र 14 साल थी। वह 9वीं क्लास में पढ़ती थी। वह करीब एक साल से अपने ताऊ दिलीप अकबरी के घर पर धावा गांव में रह रही थी। ताऊ तंत्र में भरोसा करता है। उसने ही 1 अक्टूबर को सूरत में रहने वाले अपने भाई यानी धैर्या के पिता भावेश को फोन लगाकर बताया कि तुम्हारी बेटी को भूत लगे हैं। पिता सूरत से धावा पहुंच गया। इसके बाद दोनों ने आपसी सलाह से उसका भूत भगाने के लिए तंत्र का रास्ता चुना।

शरीर में भूत घुसने का शक

1 अक्टूबर को दिलीप और भावेश धैर्या को लेकर गांव के गन्ने के खेत में गए और उसे वहां बांध दिया। दो दिन बाद फिर दोनों भाई खेत में पहुंचे और धैर्या के साथ मारपीट की। इस पर धैर्या बेसुध हो गई। दोनों भाई उसे उसी हालत में छोड़कर घर आ गए। दो दिन बाद यानी 5 अक्टूबर को खेत में जाकर देखा तो बेटी उसी हालत में पड़ी थी। तब भी उन्होंने कुछ नहीं किया। 7 अक्टूबर की सुबह 11 बजे दोनों खेत में पहुंचे तो बेटी के शरीर से बदबू आ रही थी और कीड़े पड़ गए थे। तब उन्हें लगा कि बेटी की मौत हो गई है। दोनों ने उसी रात बेटी का शव वहीं खेत में जला दिया। अगले दिन सूरत में रह रही बच्ची की मां को बेटी की मौत की सूचना दी। मां ने यह खबर अपने पिता वालजी भाई डोबरिया को बताई। तब दोनों गांव पहुंचे और भावेश से पूछा कि अंतिम संस्कार के लिए हमारा इंतजार क्यों नहीं किया गया।

राहुल ने पानी की टंकी पर : फहराया तिरंगा

कर्नाटक में बोले- कन्नड़ भाषा का सम्मान हो

बेंगलुरु, एजेंसी। कर्नाटक में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने पानी की टंकी पर चढ़कर देश का तिरंगा फहराया। इस दौरान उनके साथ पूर्व सीएम सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार भी मौजूद थे। राहुल ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि कन्नड़ भाषा का सम्मान होना चाहिए। भारत जोड़ो यात्रा 7 सितंबर को कन्याकुमारी से शुरू हुई थी। अब यह कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले में पहुंच गई है। गुरुवार को इसका 36वां दिन था। राहुल 12 राज्यों की यात्रा करते हुए कश्मीर जाएंगे। अब तक उन्होंने 925 किमी की यात्रा तय की है।राहुल गांधी चित्रदुर्ग में एक जगह से गुजर रहे थे, तभी उन्हें पानी की टंकी में पार्टी का बैनर और झंडा दिखा। वे पानी की टंकी पर चढ़ने लगे। इसके बाद कई कार्यकर्ता भी उनके पीछे-पीछे आ गए। राहुल ने टंकी पर चढ़कर देश का तिरंगा फहराया और कुछ मिनट बाद उतर आए। कन्नड़ को लेकर उठे विवाद के बीच राहुल गांधी ने कहा कि BJP और RSS को लगता है कि वे कर्नाटक के इतिहास पर हमला कर सकते हैं। लेकिन अगर कोई भी ऐसा करता है तो उन्हें कांग्रेस पार्टी की पूरी ताकत का सामना करना होगा। राहुल ने आगे कहा कि भाजपा कन्नड़ को सेकेंडरी लैंग्वेज समझती है। इसका सम्मान नहीं करना चाहती, लेकिन कांग्रेस के लिए ये भाषा भी प्राइमरी है। अगर कर्नाटक के लोग कन्नड़ बोलना चाहते हैं, केरल के लोग मलयालम और तमिलनाडु के लोग तमिल बोलना चाहते हैं तो उन्हें इसकी फ्रीडम होनी चाहिए।

3570 किलीमीटर की भारत जोड़ो यात्रा

तमिलनाडु के कन्याकुमारी से शुरू हुई भारत जोड़ो यात्रा इन दिनों कर्नाटक में है। यहां से यात्रा तेलंगाना, महाराष्ट मध्य प्रदेश, राजस्थान, यूपी, दिल्ली, हरियाणा और पंजाब होते हुए केंद्र शासित प्रदेश कश्मीर तक जाएगी। राहुल की यह यात्रा करीब 3570 किमी की है। इस यात्रा के जरिए कांग्रेस 372 लोकसभा सीटों पर फोकस कर रही है।

BSF ने पाक की एक और कोशिश की नाकाम

LOC पर मार गिराया ड्रोन

नई दिल्ली, एजेंसी। एलओसी पर पाकिस्तान की घुसपैठ की एक और कोशिश नाकाम कर दी गई है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने शुक्रवार को अजनाला सब-डिवीजन के अंतर्गत आने वाले रामसास गांव के पास एक ड्रोन को मार गिराया है। घटना सुबह करीब चार बजे की है। ड्यूटी पर तैनात कर्मियों ने ड्रोन की आवाज जैसे ही सुनी कि ऐक्शन में आए गए। इसके बाद कार्रवाई करते हुए ड्रोन को मार गिराया गया। गुरदासपुर रेंज के डीआईजी प्रभाकर जोशी ने कहा, च्शाहपुर बॉर्डर आउट पोस्ट (बीओपी) के पास तैनात 73 बटालियन के जवानों ने ड्रोन को नीचे उतारा। ड्यूटी पर हमारे सैनिकों ने निपुणता दिखाया और फायरिंग कौशल और साहस का परिचय दिया। भारतीय क्षेत्र में धुसने के बाद ड्रोन को तुरंत मार गिराया गया। उन्होंने कहा, च्ड्रोन पाकिस्तान की देवरी फॉरवर्ड पोस्ट के जरिए भारतीय सीमा में घुसा था। जिस इलाके में ड्रोन भेजा गया था, वह घने जंगलों वाला है। ड्रोन को गन्ने के खेत में मार गिराया गया। गोलाबारी के अलावा, आकाश को रोशन करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले रोशन बम भी हमारे सैनिकों द्वारा दागे गए। च्जांच करने पर ड्रोन से एक रस्सी भी जुड़ी हुई मिली। बीएसएफ और पंजाब पुलिस अभी भी इलाके की तलाशी ले रही है।

शशि थरूर भोपाल पहुंचे, कांग्रेस डेलिगेट्स से पक्ष में वोट देने की अपील

भोपाल यशभारत। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद के चुनाव के उम्मीदवार सांसद शशि थरूर शुक्रवार को भोपाल पहुंचे। उन्होंने कांग्रेस डेलिगेट्स से पीसीसी मुख्यालय में मुलाकात की। इससे पहले 12 अक्टूबर को अध्यक्ष पद के उम्मीदवार मल्लिकार्जुन खरगे भोपाल आए थे। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के उम्मीदवार शशि थरूर ने प्रतिनिधि बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मैं आभारी हूं आपका समय मिला। पहला पीसीसी है। जो हेड क्वाटर के निर्देश का पालन कर रहा है। आप ने दोनों प्रत्याशियों को बराबर रूप से सम्मान दिया है। थरूर ने कहा कि सोनिया गांधी को बधाई जिन्होंने अध्यक्ष चुनने का मौका कार्यकर्ताओ को दिया। थरूर ने कहा कि हम लोग मूल्य और सिद्धान्त पर चल रहे है। हमें पार्टी को अंदर से मजबूत बनाना है। थरूर ने कहा कि हम लगातार चुनाव हार रहे हैं। कार्यकर्ताओ को महसूस नही होता कि मैं भी पार्टी का भागीदार हूं। केंद्रीय नेतृत्व से मिलना आसान नही है। ऐसा अध्यक्ष हो कम से कम सप्ताह में दो बार तो मिले। पीसीसी डेलीगेट्स को कभी कुछ करने का मौका नहीं मिला। 22 साल के बाद पीसीसी डेलीगेट्स को वोट डालने का मौका मिला। पार्टी के अंदर नई ऊर्जा लाने के लिए कवायत है। शशि थरूर ने गांधी परिवार की जमकर की तारीफ। राहुल गांधी सोनिया गांधी प्रियंका गांधी चुनाव प्रक्रिया से खुश है। साधारण कार्यकर्ता जो डेलीगेट्स है उनके फोन मेरे पास आ रहे है समर्थन दे रहे है। ये गुप्त मतदान है इसमे किसी को कोई जानकारी नही होगी कि कौन किस को वोट दे रहा है। गांधी परिवार निष्पक्ष है। थरूर ने कहा कि जो मतपत्र दिया जाएगा उसका रंग एक जैसा है। प्रदेश कांग्रेस में 502 प्रतिनिधि राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में अपने मत का प्रयोग करेंगे। इसमें 15 मनोनीत सदस्य और 487 प्रतिनिधि हैं, जिसमें कांग्रेस के 95 विधायक भी शामिल हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए 17 अक्टूबर को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मतदान होगा। कांग्रेस के बड़वाह से विधायक सचिन बिरला चुनाव में मतदान नहीं कर सकेंगे।

दिल्ली के शराब घोटाले

25 ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के कथित शराब घोटाले में एक बार फिर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी चल रही है। राजधानी में 25 ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की जा रही है। इससे पहले भी ईडी और सीबीआई ने इस केस में 100 से अधिक ठिकानों पर तलाशी ली है, जिनमें कुछ नेता, पूर्व नौकरशाह और कारोबारी शामिल हैं। जांच एजेंसियों ने अब तक तीन आरोपियों विजय नायर, समीर महेंद्रू और अभिषेक बोइनपल्ली को गिरफ्तार किया है। दिल्ली में हुए कथित शराब घोटाले में उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया मुख्य आरोपी हैं। आबकारी विभाग भी सिसोदिया के पास है और उन्हीं के नेतृत्व में ही वह नीति बनाई गई, जिसके जरिए सरकारी खजाने को नुकसान और कारोबारियों को फायदा पहुंचाए जाने का आरोप है। हालांकि, आम आदमी पार्टी आरोपों को नकारती रही है। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल मनीष सिसोदिया को कट्टर ईमानदार बताते हुए उन्हें च्भारत रत्नज दिए जाने लायक बताते रहे हैं।

गेहूं-चावल का स्टॉक घटा

5 साल के सबसे निचले स्तर पर पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी। देश के सरकारी गोदामों में अनाज का स्टॉक इस वक्त पिछले पांच सालों के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है। 800 मिलियन की आबादी को सब्सिडी पर अनाज देने वाली सरकारी मशीनरी पर अब आने वाले दिनों में काफी दबाव बढ़ने वाला है। किसानों ने अभी तक गेहूं की बुवाई नहीं की है और अगली फसल 15 मार्च के बाद ही बाजारों में आने की उम्मीद है। रोजमर्रा की चीजों, सब्जियों समेत अन्य सामानों की कीमतें आसमान छू रही हैं। एफसीआई के आंकड़े बताते हैं इस मौसम ने सर्दियों में बोई गई गेहूं और चावल की फसल दोनों को खराब कर दिया है, जिससे कीमतें 22 महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई हैं। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने गुरुवार को डेटा जारी करते हुए कहा कि 1 अक्टूबर तक अनाज का कुल स्टॉक 51.14 मिलियन टन रहा। जबकि, पिछले साल यह 800 टन से ज्यादा था। जिसमें गेहूं का स्टॉक 227.5 लाख टन है। वहीं, दूसरी ओर बफर स्टॉक और चावल भंडारण में थोड़ी वृद्धि हुई है। 205.2 लाख टन के साथ बफर स्टॉक में 66 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसी तरह चावल का स्टॉक आवश्यक स्तर से लगभग 2.8 गुना अधिक है। एफसीआई का मानना है कि चार साल पहले की तुलना में सरकारी गोदामों में इससे ज्यादा अनाज उपलब्ध रहता था। इस बार नाकाफी है। चावल का स्टॉक घरेलू आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त है, लेकिन गेहूं का स्टॉक 14 साल के निचले स्तर पर आ गया है। दरअसल, सरकार किसानों से अपने लक्ष्य का लगभग आधा ही गेहूं खरीद सकी है। इसके पीछे बड़ी वजह है यूक्रेन-रूस युद्ध के चलते उच्च निर्यात मांग के कारण किसान निजी व्यापारियों को स्टॉक बेच रहे हैं। मार्च में एक लंबे समय तक गर्मी की वजह से गेहूं का उत्पादन कम हो गया है। जिसके बाद सरकार ने कठोर कदम उठाते हुए मई में निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया क्योंकि आपूर्ति कम हो गई थी। सरकार ने पिछले महीने 20 प्रतिशत का निर्यात शुल्क लगाते हुए विदेशी चावल शिपमेंट पर भी अंकुश लगा दिया ।आंकड़ों से पता लगता है कि भारत की उपभोक्ता महंगाई दर सितंबर में वार्षिक आधार पर पांच महीने के उच्च स्तर 7.41त्न पर पहुंच गई। जबकि पिछले महीने इसमें 7त्न की वृद्धि दर्ज हुई थी।

महंगाई से मुश्किल में सरकार!

खुदरा कीमतों में उछाल का व्यापक असर सितंबर में खाद्य कीमतों में देखने को मिला। अनाज, दालें, सब्जियां और दूध की कीमतों में वृद्धि। सितंबर में खाद्य मुद्रास्फीति 22 महीने के उच्च स्तर 8.4त्न पर पहुंच गई, जिससे कीमतों को नीचे लाने के लिए सरकार पर काफी दबाव भी बना।

शिवलिंग की कार्बन डेटिंग पर आज आ सकता है वाराणसी कोर्ट का बड़ा फैसला

वाराणसी ,ईएमएस। ज्ञानवापी मस्जिद केस में जिला अदालत में शुक्रवार को अहम सुनवाई होना है। माना जा रहा है कि अदालत आज ज्ञानवापी मस्जिद में मिली शिवलिंग की कार्बन डेटिंग पर फैसला सुना सकता है। हिंदू पक्ष ने इसकी मांग की थी, ताकि यह पता लगाया जा सके कि मस्जिद में मिला शिवलिंग कितना प्राचीन है। पांच हिंदू याचिकाकर्ताओं में से चार ने वाराणसी की स्थानीय अदालत के समक्ष शिवलिंग नूमा आकृति की कार्बन-डेटिंग की मांग की थी। कोर्ट के आदेश पर किए गए वीडियोग्राफी सर्वेक्षण के दौरान ज्ञानवापी मस्जिद के अंदर यह आकृति मिली थी। हिंदू पक्ष ने शिवलिंग मान रहा है। कार्बन डेटिंग एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है जिसका इस्तेमाल आमतौर पर पुरातत्व में किसी वस्तु की उम्र को समझने के लिए किया जाता है। ज्ञानवापी मस्जिद समिति ने कार्बन डेटिंग की याचिका का विरोध किया है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने कार्बन डेटिंग की याचिका स्वीकार कर ली थी। हिंदू पक्ष ने इसी भी अपनी जीत बताया था।

शुभांक -8-9-9

कटनी, जबलपुर, मंडला, भोपाल, नरसिंहपुर, सिवनी से एक साथ प्रकाशित

करवा पूजन के बाद चंद्रमा के दर्शन

विवाहित महिलाओं ने दिन भर व्रत रखकर मांगी पति की दीर्घायु

कटनी,यशभारत। करवा चौथ कटनी में कल हर्षोल्लास और आस्था के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने दिन भर व्रत रखकर शाम को पूजा अर्चाना की फिर चंद्रमा निकलने पर व्रत का पारण किया तथा चलनी से पति का चेहरा देखा लंबी उम्र की कामना की। शहर के कुछ खास क्षेत्रों में इस साल करवा चौथ का उत्साह देखा गया। शहर के नई बस्ती क्षेत्र में एक स्थान पर 16 श्रंगार कर महिलाएं एकत्रित होकर विधि विधान से करवा की पूजा अर्चना कर करवा की कथा को ध्यानपूर्वक सुना तदोपरांत व्रत पर गाये जाने वाले गीत को गाया। परंपरानुरूप सभी करवा की पूजा अर्चना का यह क्रम रात्रि करीब साढ़े 8 बजे तक चला रात्रि साढ़े 8 बजे चंद्रमा के दर्शन को व्याकुल महिलाओं ने दर्शन चंद्रमा के दर्शन किये।

पहली बार का करवा

नई बस्ती में पहली बार करवा चौथ का व्रत रख रहीं रिया, अनमोल सवदेवा, भूमि, कोमल मूलचंदानी, नम्रता, मिओल, पलक मिओल, पायल, प्रियांशी मेहानी आदि काफी उत्साहित नजर आईं।

हमारा पहला करवा चौथ

फैमिली वाला करवा चौथ किया इंजॉय

पूजन के दौरान सरोज, पायल खूबचंदानी, कीर्ती मूलचंदानी, हिना आहूजा, काजल ,संध्या, सौम्या, रजनी, निकिता नित्या तचतानी, वंदना बॉबी सचदेव, आरती वाशुदेव, आरती शिवहरे, पूजा रोहरा, सीमा भसीन, ममता भषीन, जूही कपूर, शीना कपूर, वर्षा गांधी, गुंजा रिज्वानी, सोनम वाधवानी, नीलम रिझवानी, कायरा केसवानी, जया भटीजा, पूनम बसरानी, एकता रिझवानी, हीर तीर्थानि ल, लता रिझवानी, दीयाझामनानी, प्रिया आहूजा, गीतिका कपूर, सहित अन्य महिलाओं की उपस्थिति रही।

सरकार से निर्देश मिलते ही शुरू हुआ चालान

कटनी, यशभारत। कटनी पुलिस अपराधों की रोकथाम में भले की सरकार और पीएचक्यू के निर्देशों को आनन फानन पालन नहीं करती लेकिन विगत दिनों जैसे ही हेलमेट को लेकर निर्देश जारी हुए मानों कटनी पुलिस की लॉटरी लग गई। कोतवाली थाने के बाहर पुलिस ने वाहनों की जांच का अभियान चलाया है। जांच के दौरान वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन का रजिस्ट्रेशन, वाहन का बीमा की जांच की गई। बगैर हेलमेट लगाकर दो पहिया वाहन चलाने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूल किया है। साथ ही बगैर सीट बेल्ट लगाए कार चलाने पर भी पुलिस ने चालानी कार्रवाई कर जुर्माना वसूल किया है। पुलिस ने बताया कि वाहन चालकों को नियमों के अनुसार वाहन चलाने के लिए कहा जा रहा है। जांच के दौरान भी वाहनों दस्तावेजों देखे जा रहे हैं। टूव्हीलर चालकों को हेलमेट लगाकर वाहन चलाने की हिदायत दी जा रही है, साथ ही ही चालानी कार्रवाई कर जुर्माना वसूल किया जा रहा है। वहीं यातायात पुलिस नो पार्किंग पर वाहन खड़ा करने पर चालानी कार्रवाई कर जुर्माना वसूल रही है। कोतवाली थाने के बाहर नो पार्किंग में ऑटो रिक्शा खड़ा करने पर यातायात पुलिस ने चालान काटकर जुर्माना वसूल किया। पुलिस ने ऑटो रिक्शा चालकों को हिदायत देते हुए कहा कि नो पार्किंग ऑटो रिक्शा को नहीं खड़ा करें।



15 गौवंश को रौंदते निकल गया बेलगाम वाहन

कटनी,यशभारत। चाका बाईपास के आगे कैलवारा के समीप हाईवे रोड पर अज्ञात वाहन की बेलगाम गति के चलते देर रात्रि एक दर्जन से भी अधिक गोवंश (करीब15 गौ वंश) की कुचलने से मौत हो गई। बेलगाम अज्ञात वाहन इन पशुओं को रौंदते हुए निकल गया। मौके पर ही 15 गोवंश ने दम तोड़ दिया।

सुबह सूचना मिलते ही गौ रक्षा कमांडो फोर्स की टीम और अलबेली गौर्विंद गौ सेवा समिति द्वारा स्थान पर पहुंचकर नगर निगम वाहन जेसीबी की मदद से हिंदू रीति-रिवाज अनुसार किया गया। सभी गौ वंश का अंतिम संस्कार गौ सेवक नितिन तिवारी, आशु भदौरिया और सभी गौ सेवकों की मदद से किया गया इस बीच सेन समाज विकास संगठन युवा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष और गौ रक्षा कमांडो फोर्स जिला अध्यक्ष अमिता श्रीवास ने बताया कि कटनी जिले में लगभग 29 गौशाला बनकर तैयार है परंतु अभी भी 20 से अधिक गौशालाएं अस्थाई रूप से बंद पड़ी हैं, और बाकी की शेष सुचारू रूप से नहीं चल पा रही है जिस संबंध में गौ रक्षकों द्वारा कई बार कलेक्टर को सूचित भी किया गया परंतु कलेक्टर द्वारा आश्वासन देकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया गया। और इस तरह की घटनाएं प्रतिदिन बढ़ती चली गई।

दिखने लगा दिवाली का उत्साह, बाजारों में रौनक

कटनी,यशभारत। दिवाली में अब अधिक वक्त नहीं बचा है। इस साल 24 अक्तूबर को दिवाली है, हालांकि दिवाली की रौनक बाजारों में अभी से दिखने लगी है। लोग दीपावली के पर्व को उत्साह से मनाने के लिए पहले से ही तैयारियां शुरू कर देते हैं। दिवाली पांच अलग अलग पर्वों का त्योहार है। दिवाली उत्सव की शुरुआत धनतेरस से होती है, जिसमें भगवान धन्वंतरि, माता लक्ष्मी और कुबेर जी की पूजा की जाती है। इस दिन बर्तन और सोने-चांदी का सामान खरीदना शुभ माना जाता है। दूसरे दिन नरक चतुर्दशी होती है, जिसे छोटी दिवाली कहते हैं। छोटी दिवाली में घर की साफ सफाई और सज्जा की जाती है। फिर दीपावली के दिन लक्ष्मी गणेश की पूजा अर्चना और दीपोत्सव होता है। दिवाली के बाद गोवर्धन पूजा और भाई दूज मनाते हैं। ये दोनों पर्व भी धार्मिक आधार पर महत्वपूर्ण हैं। ऐसे में इन पांच पर्वों के दीपोत्सव के लिए बहुत सारी तैयारियां पहले से कर लेनी चाहिए। कटनी में इस साल दिवाली का उत्साह काफी दिख रहा है

बर्बाद हो गई रेलवे की रोड



कटनी,यशभारत। रेलवे के टीआरडी विभाग के कर्मचारियों ने खराब सड़क की मरम्मत कराए जाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन के दौरान सभी कर्मचारी सड़क पर खड़े होकर एलएंडटी कंपनी के खिलाफ जमकर नारे लगाए। कर्मचारियों का कहना है कि पिछले दो महीने से सड़क की मरम्मत कराए जाने की मांग की जा रही है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। कार्यालय आने और जाने के दौरान खराब सड़क पर हर समय हादसे की आशंका बनी रहती है। रेलवे के टीआरडी विभाग के कर्मचारी कौशल मोर्य ने बताया कि कार्यालय की ओर जाने वाली सड़क भारी वाहन निकलने की वजह से पूरी तरह खराब हो चुकी है। सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए है, सड़क से निकलने पर हर समय हादसे की आशंका रहती है। बावजूद इसके सड़क की मरम्मत नहीं कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि पिछले दो महीने से सड़क निर्माण की मांग की जा रही है, सात से आठ बार शिकायत भी की गई, लेकिन सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई। कौशल मोर्य ने बताया कि ग्रेड सेपरेटर योजना के तहत रेलवे ब्रिज बनाए जा रहे है, इसी वजह से भारी वाहनों का आना-जाना होता रहता है। इन्हीं वाहनों के कारण सड़क पूरी तरह से खराब हो गई। बावजूद इसके सड़क नहीं बनाई जा रही है। विरोध प्रदर्शन के दौरान कौशल मौर्य, राजाराम यादव, पंडित जितेंद्र, वारींद्र द्विवेदी, शोभरन सिंह, यशवंत सिंह, ओमकार, राकेश यादव, अयोध्या प्रसाद, संदीप द्विवेदी, प्रशांत, सुनील कुमार, रोहित पांडेय, श्रवण कुमार सहित काफी संख्या में रेलवे के टीआरडी विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

पानी से जलते हैं दीये! बाजार में है खूब डिमांड

मेक इन इंडियाः इस दिवाली लाइटिंग के एक से बढ़कर एक आइटम

कटनी,यशभारत। दिवाली को लेकर कटनी के बाज़ारों में रौनक बढ़ने लगी है. राजधानी के अलग-अलग इलाकों में दीये और लाइट्स की दुकानें भी सजनी शुरू हो गई हैं. ऐसे में इस बार दिवाली के अवसर पानी से जलने वाले दीयों की खूब डिमांड है। दरअसल मेक इन इंडिया के तहत स्टार्टअप ने इस दिवाली बचत वाले दिए बाजार मे उतारे हैं जों बिना बिजली और तेल के जलते हैं। इन दीयों की खासियत यह है कि यह सिर्फ पानी से जलते हैं जिसमें किसी तरह के तेल या बिजली की जरूरत नहीं पड़ती हैं. सेंसर वाले दिए की खासियत यह है कि यह प्लास्टिक से बने हुए हैं इन दीयों की खासियत यह है कि यह सिर्फ पानी से जलते हैं जिसमें किसी तरह के तेल या बिजली की जरूरत नहीं पड़ती हैं. सेंसर वाले दिये की खासियत यह है कि यह प्लास्टिक से बने हुए हैं मेक इन इंडिया के तहत स्टार्टअप ने इस दिवाली बचत वाले दीये बाजार मे उतारे गए हैं, जों बिना बिजली और तेल के जलते हैं. इन दीयों में पानी डालते ही ये जलने लगते हैं मेक इन इंडिया के तहत स्टार्टअप ने इस दिवाली बचत वाले दीये बाजार मे उतारे गए हैं, जों बिना बिजली और तेल के जलते हैं. इन दीयों में पानी डालते ही ये जलने लगते हैं। दरअसल इन दीयों में छोटे सेल लगे हुए हैं, जिसमें सेंसर के साथ लाइट लगी हुई है. ये दीये जैसे ही पानी के सम्पर्क में आते हैं तो जगमग-जगमग जलने लगते हैं. एक स्थानीय दुकानदार ने बताया कि इन दीयों को दिल्ली से मंगाया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व्ही डी शर्मा का आगमन कल

कटनी,यशभारत। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और क्षेत्रीय सांसद विष्णुदत्त शर्मा का कल कटनी आगमन होगा। इस अवसर पर श्री शर्मा का भव्य स्वागत किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद श्री शर्मा कटनी में भारतीय मजदूर संघ के प्रांतीय अधिवेशन में भाग लेंगे। इससे पहले सांय 6 बजे वे कटनी पहुंचेंगे। पन्ना मोड़ पर श्री शर्मा का जोरदार स्वागत किया जाएगा। आज जिला कार्यालय में भाजपा जिला कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक में सभी को प्रदेश अध्यक्ष के आगमन को लेकर दायित्व सौंपे गए। नव मनोनित जिलाध्यक्ष दीपक टंडन की अध्यक्षता में आयोजित जिला पदाधिकारी एवं शहर के अंतर्ग त तीन मंडलों के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ जनों की उपस्थिति रही। इस मौके पर सभी जिला पदाधिकारियों ने नव मनोनित अध्यक्ष का स्वागत भी किया। जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन, पूर्व मंत्री श्रीमती अलका जैन, पिछड़ा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश सोनी, जिला महामंत्री चेतन हिन्दुजा, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, जिला उपाध्यक्ष सुनील उपाध्याय, मृदुल द्विवेदी, सुरेश राय, भावना सिंह, मीना कश्यप, सीमा जैन, रामू साहू, शिवम शर्मा, रामकृपाल यादव, अम्बरीष वर्मा, आशुतोष शुक्ला, प्रकाश सिंघानिया, यज्ञदत्त मिश्र, अर्पित अग्रवाल, सचिन तिवारी, ललित जायसवाल, मनीष दुबे, अभिषेक ताम्रकार, सन्दीप दुबे, मृदुल मिश्रा, संकल्प तिवारी, आदि उपस्थित थे।

सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार तीसरा सप्ताह
रोजाना 2 शो ता. 07 से
दोपहर 12.15 एवं सायं 6.30 बजे से



PS-1
कलाकार- एश्वर्या राय बच्चन, विक्रम जयम रबि, प्रभु आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार दूसरा सप्ताह
रोजाना 2 शो ता. 07 से
दोपहर 3.45 एवं रात्रि 10 बजे से

GodFather
OCT 5

गॉडफादर
कलाकार- चिरंजीवी, नयनतारा, सलमान खान, सत्यदेव आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 14 से
दोपहर 12.45, 3.15,7 एवं रात्रि 9.45 बजे से

AYUSHMANN KHURRANA IN AND AS
DOCTOR G

डॉक्टर जी
कलाकार- आयुष्मान खुराना, रकुल प्रीत सिंह, सेफाली शाह, शिवा चड्डा आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

नीरज सिनेप्लेक्स में

मिड-डे मील
COMING SOON

ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 14 से
12,3 एवं सायं 6 बजे से
मिड-डे मील
कलाकार- रणवीर शौरी, भगवान तिवारी, शहनाज प्रधान आदि।
टिकट दर
बालकनी क्लास- 80/- लोवर क्लास-50/-

यदि आप तक समय पर
यश भारत
नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोनः- 230033

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

धान उपार्जन के लिए किसानों ने इस बार नहीं दिखाई रुचि

पिछले साल के मुकाबले इस बार कम ही हुए पंजीयन, कल अंतिम तारीख को आगे बढ़ाने पर विचार कर रहा विभाग

यश भारत पड़ताल

कटनी, यशभारत। समर्थन मूल्य पर किसानों से धान की खरीदी के लिए पिछले एक महीने से जिले के एक सैकड़ा से अधिक केन्द्रों पर किसानों का पंजीयन किया जा रहा है, लेकिन अभी तक केवल 26 हजार किसानों ने ही केन्द्रों पर जाकर अपना पंजीयन कराया है, जबकि पिछले साल की बात करें तो इससे अधिक किसानों ने न केवल पंजीयन कराया था, बल्कि अपनी उपज भी केन्द्रों में ले जाकर बेची थी। समस्या अब यह है कि कल 15 अक्टूबर को किसानों के पंजीयन की अंतिम तारीख है। ऐसी स्थिति में अब ज्यादा किसानों का पंजीयन नहीं हो सकेगा। यही कारण है कि पंजीयन की अंतिम समय सीमा को आगे बढ़ाने पर विभागीय अधिकारी विचार विमर्श कर रहे हैं।

ई-उपार्जन
म.प्र.
E-UPARJAN
Kharif
WHEAT(गेहूं)
COARSE GRAIN(मोटा अनाज)

खरीदी केन्द्रों में व्याप्त भर्रेशाही से परेशान हैं जिले के किसान

गौरतलब है कि समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए पूरे जिले में पंजीयन की प्रक्रिया चल रही है। धान उपार्जन के पंजीयन के लिए अब केवल एक दिन का समय शेष रह गया है लेकिन कटनी जिले के साथ ही बहोरीबंद विकासखंड में अभी तक विगत वर्षों की तुलना में 70 फीसदी किसानों ने ही पंजीयन कराया है। विकासखंड में बनाए गए 28 पंजीयन केंद्रों व अन्य दूसरे माध्यमों से अब तक केवल 10 हजार 589 किसानों का पंजीयन हो सका है। पिछले वर्ष धान सहित खरीफ की अन्य फसल का उपार्जन करने के लिए विकासखंड के 14 हजार 765 किसानों ने पंजीयन कराया था। उपार्जन के लिए शासन स्तर से शुरू प्रक्रिया के तहत किसानों का 15 अक्टूबर तक पंजीयन किया जा सकता है। उपार्जन से जुड़े अधिकारियों ने अब की बार 15 हजार से अधिक किसानों के पंजीयन की उम्मीद जताई थी लेकिन अब जबकि कल पंजीयन की आखिरी तारीख है, बहुत की कम संख्या में किसान पंजीयन हुए हैं। अधिकारियों का कहना है कि आज और कल बाकी किसानों द्वारा पंजीयन कराए जाने की उम्मीद की जा रही है। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी प्रमोद मिश्रा के मुताबिक 15 अक्टूबर पंजीयन की अंतिम तारीख है। संभावना जताई जा रही है कि अंतिम दिनों में पंजीयन की संख्या बढ़ेगी।

कम पंजीयन होने के पीछे कहीं ये तो कारण नहीं

किसानों के पंजीयन कम होने के पीछे कहीं न कहीं खरीदी केन्द्रों में व्याप्त भर्रेशाही भी काफी हद तक जिम्मेदार है। केन्द्रों में जिस तरह किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई-कई दिनों तक उनकी उपज खरीदी नहीं जाती। बिचौलिए भी सक्रिय रहते हैं। इस तरह की कई अनियमितताएं पिछले काफी अरसे से खरीदी केन्द्रों में व्याप्त है। संभवतः यही कारण है किसान केन्द्रों में जाकर पंजीयन नहीं करा रहा है।

क्या कहते हैं अधिकारी

11 अक्टूबर तक जिले में 26 हजार किसानों का पंजीयन हो चुका था। पंजीयन के लिए गांव-गांव केन्द्र संचालित किए गए थे। किसानों के कम पंजीयन का क्या कारण है, यह तो पता नहीं है लेकिन यदि पंजीयन की संख्या कम रहती है तो पंजीयन की अंतिम तारीख को आगे बढ़ाने पर बात की जा रही है।

-नरसिंह पवार,
जिला प्रबंधक
मप्र राज्य नागरिक आपूर्ति निगम,

अखण्ड पाठ आरंभ, देर रात तक चलता रहा सत्संग

सिंधु भवन नई बस्ती में उत्साह के साथ मनाया जा रहा संत कंवरराम जी का वर्सी महोत्सव

कटनी, यशभारत। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सिंध व हिंद के सरताज अमर शहीद संत कंवरराम साहिब का वर्सी महोत्सव सीतलदास परिवार, पूज्य सिंधी सेन्ट्रल पंचायत एवं संत कंवरराम सेवा मंडल के संयुक्त तत्वाधान में धूमधाम, श्रद्धा भक्ति के साथ सिंधु भवन, नई बस्ती में मनाया जा रहा है। वरंद चांदवानी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार वर्सी महोत्सव का कार्यक्रम 13 अक्टूबर गुरूवार को प्रातः 11 बजे श्री गुरूग्रंथ साहिब जी की स्थापना सिंधु भवन नई बस्ती में की गई एवं अखण्ड पाठ साहिब आरंभ हुआ। 15 अक्टूबर शनिवार को दोपहर 1 बजे श्री गुरूग्रंथ साहिब को भोग पड़ेगा, तत्पश्चात गुरूदेवों की आरती अरदास के बाद 2 बजे आम भंडारा गुरू का लंगर आयोजित किया जायेगा। 15 अक्टूबर शनिवार को रात्रि सत्संग के पश्चात वर्सी साहब का पल्लव आशीर्वाद समारोह आयोजित किया गया है। इस वर्सी महोत्सव में आने वाले बालाजी म्यूजिकल ग्रुप एण्ड इवेन्ट पार्टी, सागर, महेश म्यूजिकल पार्टी माधवनगर, अमर शहीद संत कंवरराम सेवा मंडल और इनके अलावा और भी संत महात्माओं के सत्संग प्रवचन होंगे। 13 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे से सत्संग आयोजित किया गया एवं रात्रि में 8 बजे से गुरू की आरती के बाद रात को 1 बजे तक भजन कीर्तन का सिलसिला चलता रहा। 15 अक्टूबर को भी प्रातः 11 बजे से सत्संग होगा एवं रात्रि में 8 बजे से गुरू की आरती के बाद रात को 1 बजे तक भजन कीर्तन होगा, उसके बाद आर्शीवाद समारोह पल्लव का कार्यक्रम आयोजित किया जावेगा। धर्मप्रिय जनता से निवेदन है कि ऐसे महान करामाती संत जिसने सिंध की रेहड़की दरबार के पास अपनी सुरीली आवाज में उबले चने बेचकर अपने सतगुरू संत संतराम दास साहिब के आर्शीवाद से कृपा पात्र व लूले लंगड़े लावारिस व बेसहारा लोगों की निष्काम सेवा तन-मन-धन से की थी एवं एक मृत बालक को प्रभु की भक्ति में लीन होकर अपने सतगुरू भाई संतराम दास साहिब के आर्शीवाद से लोरी गाकर जिंदा किया था, ऐसे महान संत की वर्सी महोत्सव के हर कार्यक्रम में उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त कर अपना जीवन सफल बनाये।

नाटक अनादि में अनंत में..के मंचन में शहर के कलाकारों ने दिखाई प्रतिभा

चेतनोदय तीर्थ दयोदय गौशाला में वीर सावरकर की जीवनी पर आधारित नाटक का मंचन

कटनी, यशभारत। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सहयोग से विंग्स थिएटर ग्रुप द्वारा विगत 12 अक्टूबर को चेतनोदय तीर्थ दयोदय गौशाला के पास जैन मंदिर में नाटक अनादि में अनंत में...का मंचन किया गया। नाटक का निर्देशन टीवी एवं फिल्म थिएटर अभिनेता हिम्मत गोस्वामी द्वारा किया गया। नाटक अनादि में अनंत में नाटक के मूल लेखक माधव खाडिलकर हैं एवं इसका हिंदी अनुवाद राजन देशमुख द्वारा किया गया है। नाटक वीर सावरकर के जीवन पर आधारित है, जिसमे 1 घंटे के नाटक में उनकी जिंदगी के प्रमुख घटनाओं का शानदार तरीके से मंचन किया गय। खास बात यह रही कि इस नाटक के निर्देशक हिम्मत गोस्वामी स्वयं कटनी से हैं तथा नाटक में भाग लेकर अपनी कला का प्रदर्शन करने वाले सभी कलाकार भी शहर के ही हैं। सावरकर के जीवन पर आधारित घटनाओं एवं उनके विचारों पर प्रकाश डालता ये नाटक अर्थपूर्ण संवादों के माध्यम से चरित्रों को जीवंत तथा रेखांकित करने का प्रयास किया गया है। नाटक में भाग लेने वाले कलाकारों में डॉक्टर मनोज खरे, देवा वंशकार, ऋतिक सेठिया, एम आर वी नायडू, रुद्र सिंह, पलक सोंधिया,, सुरेंद्र कुशवाहा, राज कपूर बुंदेला, मयंक वंशकार, प्रियांशु तोमर, मुकुटधार पांडे, शिवा पांडे, शेरीन मेरी मसीह, रिद्धिमा सिंह, शिवांश, जूनी राजपूत, ज्ञानेश्वरी नायडू, हिम्मत गोस्वामी ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ कटनी का आभार प्रकट किया है।

समाजसेवी बिशनदास चेलानी का निधन

कटनी, यशभारत। सिंधी समाज के प्रतिष्ठित नागरिक एवं समाजसेवी बिशनदास चेलानी का बीती शाम निधन हो गया। उन्होंने स्टेशन रोड स्थित निवास पर ही अंतिम सांसे ली। वे 72 वर्ष के थे व पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन की खबर से सिंधी समाज एवं अनेक सामाजिक संस्थाओं में शोक व्याप्त हो गया। उनकी अंतिम यात्रा आज दोपहर निवास से निकाली गई, जिसमे बड़ी संख्या में सभी वर्गों के लोगों ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए परमपिता परमेश्वर से कामना की। श्री चेलानी जीवन पर्यंत समाजसेवा में सक्रिय रहे। कई सामाजिक संस्थाओं से जुड़कर उन्होंने असहाय वर्ग को ऊपर उठाने के लिए कार्य किया। कुछ साल पहले उन्होंने मैरिज ब्यूरो की स्थापना करते हुए सामाजिक युवक-युवतियों के परिचय और वैवाहिक संबंध बनाने में भी अपना योगदान दिया। गोल्ड इस्माइल ग्रुप के माध्यम से उन्होंने दिलबहार चौक का नामकरण शहीद भगत सिंह के नाम पर करने का अभियान शुरू किया था। उनके निधन पर कई सामाजिक संस्थाओं ने शोक व्यक्त किया है।

बद से बदत्तर हो गई सड़क, दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे दुपहिया वाहन चालक

विजयराघवगढ़-कैमोर मार्ग पर गड्ढों में तब्दील हो गई सड़क, नगर परिषद प्रशासन उदासीन

विजयराघवगढ़, यशभारत। तहसील मुख्यालय विजयराघवगढ़ के अंतर्गत कटनी-कैमोर रोड में तहसील मुख्यालय के स्थानीय पावर हाउस से नगर परिषद विजयराघवगढ़ की अंतिम सीमा तक कैमोर की ओर जाने वाली पूरी की पूरी सड़क गड्ढों में तब्दील हो चुकी है, जिसमे आजाद चौक से जनपद पंचायत मुख्यालय तक की स्थिति तो बद से बदतर हो गई है। इस मार्ग से दिन में कईयों बार वरिष्ठ अधिकारियों आना-जाना लगा रहता है, किन्तु सड़क की बदत्तर स्थिति की ओर शायद ही किसी का ध्यान गया है।

बताया जाता है कि इस खस्ताहाल मार्ग पर बरसात के कारण आवागमन न केवल जानलेवा बल्कि खतरनाक भी हो गया है। गड्ढों में पानी भरने जाने के बाद दो पहिया वाहन चालक सड़क दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। कटनी व बरही से कैमोर एसीसी उद्योग कम्पनी एवं एवरेस्ट कम्पनी के भारी वाहनों के रातों-दिन आवागमन से यहां की सड़कों के परखच्चे उड़ गये है। अनेको बार प्रशासन को स्थानीय जनों द्वारा चेतावनी देने पर लोक निर्माण विभाग द्वारा कभी-कभार थिगड़ा लगाकर कार्य की इतिश्री कर दी जाती है। फलस्वरूप एक माह बाद स्थिति ज्यों की त्यों हो जाती है। क्षेत्रीय जनों द्वारा जिले के विभागीय अधिकारी एवं कलेक्टर से अपेक्षा की गई है कि जांच कराकर उक्त सड़क को प्राथमिकता से निर्माण के आदेश दिए जाएं। सड़क निर्माण नहीं होने की स्थिति में क्षेत्र के नागरिकों द्वारा आंदोलन किया जाएगा।

विजयराघवगढ़ में मालवाहक वाहनों के कारण दिन भर लग रहा जाम

स्कूली छात्रों के साथ ही राहगीरों और वाहन चालकों को हो रही परेशानी

विजयराघवगढ़, यशभारत। नगर षरिषद क्षेत्र के अंतर्गत मेन रोड पर जहां हमेशा की तरह भारी वाहनों की आवाजाही के कारण सुबह से शाम तक जाम की स्थिति बनी रहती है, तो वहीं इन दिनों मालवाहक वाहन दिन भर व्यापारियों का सामान उतारने में लगे रहते हैं। उसी समय भारी वाहन के आते ही जाम लग जाता है। धीरे-धीरे यह जाम घंटों तक आवागमन अवरुद्ध कर देता है। यह स्थिति दिन भर चलती है, जबकि स्थानीय नगर परिषद प्रशासन की ओर से ठेकेदार भी अधिकृत है, किन्तु न तो नगरीय प्रशासन नगर ही पुलिस प्रशासन का इस ओर ध्यान दिया जाता है। फलस्वरूप आवागमन अवरूद्ध हो जाने के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ओर तो ओर स्कूल आने जाने के समय में छात्र छात्राओ को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। एसडीएम एवं एसडीओपी से अपेक्षा की गई है कि स्कूल समय पर नो एन्ट्री लगाने व माल वाहक वाहनों के आवागमन का समय सुनिश्चित किया जाए।

cello सेलो फर्नीचर
एकमात्र अधिकृत वितरक
Auth. Distributor-Cello, Natasha Almirah
Almirah, Molded Furniture
विश्वकर्मा फर्नीचर
विश्वकर्मा मार्केट, मधई मंदिर रोड कटनी, फोन- 230557, मो. 9826082251
Email-gopivishwakarma@gmail.com

अन्डर 15 महिला टीम के चयन के लिए शिविर कल

कटनी, यशभारत। संभागीय क्रिकेट संघ जबलपुर द्वारा अन्डर 15 महिला टीम के चयन के लिए रानीताल ग्राउंड जबलपुर में एक चयन शिविर 16 अक्टूबर को प्रातः 9 बजे से आयोजित किया जा रहा है। सभी इच्छुक खिलाड़ी जिनका जन्म 1 सितंबर 2007 के बाद हुआ है, वे 15 अक्टूबर को सायं 4 बजे फारेस्टर प्लेग्राउंड में पहुंचकर जिला क्रिकेट संघ कटनी के सचिव राजेश डेविड से सम्पर्क कर सकते हैं।

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

अधिक खबरों के लिए लॉगिन करें www.yashbharat.com

Required
An Office Assistant Boy & Girl who must be Graduate, Having the knowledge of English Language, Computer Operations, MS-Excel and Busy Accounting Software. Strictly Only those persons apply who are fulfilling above all critaria to.
M/s RK Dall & Food Products Katni Pvt. Ltd,
MadhavnagarKatni Mo. 9827261961
Email - rk.katni@gmail.com

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners
CINEWORLDZ CINEMA KATNI by CMW
Mittal MALL
Paytm
bookmyshow
From 14th October 2022
DOCTOR G 10:00 AM 11:00 AM 1:30 PM 4:00 PM 7:00 PM 9:30 PM
KANTARA 6:30 PM 9:15 PM
PS-I 3:30 PM
VIKRAM VEDHA 12:30 PM 6:15 PM 9:00 PM
GodFather 12:15 PM 3:15 PM
TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor, Mittal Mall, Beside Mittal Enclave,
Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच 3000 प्रतिव्यक्ति,
22 बाई 50 का हॉल सर्विस वालों एवं ऑफिस,
बैंक, कार्यालय गोदाम के लिए
पता-बीजेपी कार्यालय के सामने, जबलपुर रोड
बरगवां, कटनी (म.प्र.) मो. 8109417340

mgm HOSPITAL We Care with Care
कटनी की पहली और एकमात्र
एम.आर.आई. जाँच सेंटर
एमजीएम हॉस्पिटल में अब सीटी स्कैन के साथ, एमआरआई जाँच की सुविधा उपलब्ध है।
24X7 HELPLINE NUMBER 07622-405070
एम.जी.एम. हॉस्पिटल, कटनी (म.प्र.)
Web- www.mgmhospitalkatni.com, email- info@mgmhospitalkatni.com



संपादकीय

वैज्ञानिक चेतना व सख्त कानून रोकेंगे

नरबली के जघन्य अपराध ने देश में सबसे ऊंची साक्षरता दर वाले केरल को ही शर्मसार नहीं किया, पूरे देश को असहज स्थिति में डाल दिया। हालांकि वास्तविक तथ्य व्यापक जांच के बाद सामने आएंगे, लेकिन जो पिशाची कृत्य इन अपराधियों द्वारा किये गये, उनसे हर इंसान की रूह कांपती है। हमारी 21वीं सदी की तमाम उपलब्धियों व साक्षरता के लक्ष्यों पर पानी फेरती है, जिसमें अमीर बनने की लालसा लिये एक दंपति ने अपराधी तांत्रिक की मदद से दो महिलाओं की बलि दे दी। इस कई अपराधों में वांछित एक यौन अपराधी कैसे सार्वजनिक रूप से विज्ञापन देकर तंत्र-मंत्र से अमीरी लाने का भरोसा देता है और कैसा वो दंपति था जिसने मान लिया कि नरबलि से अमीरी आ सकती है। बलि चढ़ाई गई महिलाओं के शरीर से क्रूरता के किस्से हर किसी संवेदनशील इंसान को झकझोरते हैं। यदि आधुनिक तकनीक की मदद न मिलती तो यह अपराध कभी भी सामने न आ पाता। मोबाइल फोन व सीसीटीवी कैमरे की मदद से यह सत्य उजागर हो सका कि मानव स्वार्थों के लिये किस हद तक पतनशील हो सकता है। एक वृद्धा के यौन उत्पीड़न के आरोप में जेल की सजा काट चुका कथित तांत्रिक अमीरी के ख्वाब देख रहे दंपति को इस हद तक भ्रमित कर गया कि एक के बाद दूसरी महिला की बलि देने के लिये तैयार कर लिया। एक समय था आजादी से पहले भारत की छवि सांप-सपेरों व तंत्र-मंत्र के देश के रूप में बनायी जाती थी। आजादी के बाद देश की विकास यात्रा ने इस मिथ को झुठलाया। लेकिन आये दिन होने वाली ऐसी घटनाएं हमारी तमाम उपलब्धियों पर आंच लाती हैं। पिछले दिनों दिल्ली में भी एक बच्चे की बलि देने की घटना ने देश को उद्वेलित किया था। आखिर वामपंथी सरकार वाले प्रगतिशील केरल में तंत्र-मंत्र की ऐसी वीभत्स घटनाओं के लिये कोई सख्त कानून क्यों नहीं बन पाया। बताया जाता है कि राज्य में बड़ी संख्या में अंधविश्वास व तंत्र-मंत्र की घटनाओं को रोकने के लिये राज्य विधि आयोग ने ड्राफ्ट बिल 2019 में गृह मंत्रालय को भेजा था। यह वीभत्स घटना कई सवालों को जन्म देती है। आखिर क्यों कोई व्यक्ति सोच लेता है कि धन-संपदा अर्जित करने का शार्टकट तंत्र-मंत्र हो सकता है। आखिर क्यों साक्षर व्यक्ति की भी सोलहवीं सदी की सोच नहीं बदल पा रही है। कैसे फर्जी तांत्रिक समाज में खुले प्रचारतंत्र का सहारा लेकर जघन्य अपराधों को अंजाम दे देते हैं और पुलिस-प्रशासन को इसकी भनक तक नहीं मिलती। कहीं न कहीं अंधविश्वास का विस्तार समाज में एक तबके की दकियानूसी सोच व अज्ञानता का ही परिचायक है। पहले यह धारणा रही है कि पिछड़े व शिक्षा के प्रकाश से दूर इलाकों में ऐसी घटनाएं अज्ञानता के चलते सामने आती हैं,लेकिन जब देश के सबसे साक्षर राज्य केरल में ऐसी घटनाएं होती हैं, तो तमाम तरह के यक्ष प्रश्न सामने खड़े हो जाते हैं। इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाने के लिये जहां समाज में वैज्ञानिक चेतना के प्रसार-प्रचार की जरूरत है, वहीं अपराध को रोकने के लिये कड़े कानूनों का भी प्रावधान जरूरी है। समाज में ऐसी स्थिति बनाने की जरूरत है कि कोई तंत्र-मंत्र का सार्वजनिक प्रचार करके भोले-भाले लोगों को शिकार न बना सके। विडंबना है कि इन हादसों का शिकार तमाम ऐसे भोले-भाले लोग होते हैं जिनका कोई कसूर नहीं होता। कसूर होता है तो यह कि वे किसी के झांसे में आसानी से आ जाते हैं। सरकार को सूचना माध्यमों के जरिये ऐसे पाखंडी तांत्रिकों की कारगुजारियों पर लगाम लगाने के लिये राष्ट्रव्यापी मुहिम चलाने की जरूरत है। निस्संदेह, अज्ञान और कूपमंडूकता की स्थिति को दूर करने के लिये समाज के प्रगतिशील संगठनों को आगे आने की दरकार है। जिसके लिये सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों का बखूबी उपयोग किया जा सकता है। शैक्षणिक संस्थानों में प्रगतिशील वैज्ञानिक सोच विकसित करनी चाहिए। ग्रामीण व पिछड़े इलाकों में जागरूकता अभियान से सार्थक परिणाम मिल सकते हैं।

शर्मनाक है सबसे साक्षर प्रदेश केरल में दो महिलाओं की नरबलि

केरल के पथनमथिट्टा जिले एलंथूर में दो महिलाओं के अपहरण और फिर जादू-टोने में बेरहमी से हत्या की गई। इन महिलाओं के शवों को आरोपी ने अपने घर में ही दफना दिया। पुलिस ने बताया कि इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जिन तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, उन्होंने इन महिलाओं की हत्या 'जादू-टोना अनुष्ठान' के तहत की । आरोपियों को भरोसा था कि यदि वह मानव बलि देंगे तो उन्हें खूब सारा पैसा मिलेगा।पुलिस के अनुसार, जिन महिलाओं की हत्या की गई है वे केरल के एर्नाकुलम जिले की रहने वाली थी। इन महिलाओं की पहचान रोजलिन और पद्मा के रूप में हुई है, यह दोनों क्रमशः जून और सितंबर में लापता हो गई थी। पुलिस को उनके लापता होने के मामलों की जांच के दौरान पता चला कि इन दोनों महिलाओं की 'मानव बलि' दी गई थी।इतना ही नही एक महिला के 56 टुकड़े किये गए। शव को खाया भी गया। कोच्चि शहर के पुलिस आयुक्त सीएच नागराजू ने मीडिया को बताया इन महिलाओं का सिर काट दिया गया और उनके शरीर को पथनमथिट्टा के एलंथूर में दफनाया गया था। पुलिस आयुक्त ने आगे कहा दंपति एक वित्तीय संकट का सामना कर रहे थे । उन्होंने भगवान को खुश करने और संकट से बाहर आने के लिए महिलाओं की बलि देने का फैसला किया।पुलिस ने एलंथूर से भगवल सिंह और लैला नाम के एक दंपति को हिरासत में लिया है। भगवल सिंह एक वैद्य के रूप में जाना जाता है जो अपने घर पर ही मरीजों की देखभाल करता था। इस मामले में पेरुंबवूर के शफी उर्फ रशीद नाम के एक शख्स को भी हिरासत में लिया गया है। शफी पर पुलिस को शक है कि ये तांत्रिक है। ये ही महिलाओं को वही दंपति के पास ले गया। दंपति भगवल सिंह और लैला दोनों का मानना था कि नरबलि देने से उनके घर में धन-संपत्ति आएगी। इसलिए दो महिलाओं की गला काटकर हत्या कर दी और फिर शव को खेत में दफना दिया।

शफी पहली महिला रोजलिन को यह कह कर दंपति के घार लाया कि उसे साफ्ट पोर्न फिल्म में काम करना होगा। इसके लिए उसे दस लाख रूपये मिलेंगे।घर में आने पर रोजलिन को बिस्तर में लेटने को कहा गया।फिल्म की शुटिंग के नाम पर तीनों आरोपियों ने महिला को बिस्तर से बांध दिया।भागवल सिंह हथौड़ा ले आया।उसने हथौड़े से रोजलीन का सिर फोड दिया। सिंह की पत्नी लैला ने तलवार से रोजलीन की गर्दन काट दी। चाकू से रोजलीन के गुप्तागों पर वार किया गया। महिला के खून को घर के अलग ङ्क अलग हिस्सों में छिड़का गया। बाद में राजलीन के शव को घर के खेत में दफन कर दिया गया।दंपति ने बलि के बाद भी आर्थिक हालत में बदलाव न होने पर शफी से बलि के लिए एक और महिला लाने को कहा । वह दूसरी महिला को लाया। उसकी भी पहली की ही तरह बलि दी गई।इस घटना के बाद इसी जनपद एक महिला के जादू टोना का वीडियों वायरल हो रहा है।इस वीडियों में एक महिला बच्चे पर जादू -टोना कर रही है। पुलिस ने महिला के पति को गिरफ्तार कर लिया है। यह केरल का पहला ही केस नही है। केरल में जून 2022 में भी लाटरी बेचने वाली एक 49 साल की महिला की बलि दी जा चुकी है। महिला को पैसों का लालच देकर एक कपल अपने साथ ले गया था। बाद में उसकी हत्या कर दी गइ । आरोपियों ने महिला के शव के टुकड़े करके दफना दिया था।

आंकड़ों के अनुसार

केरल में आजादी के बाद से अब तक बलि के आठ मामले दर्ज किए गए। पिछले साल मां ने अपने ही बच्चे की बलि च?ा दी। 2004 में बच्चे के हाथ-पांव काट दिए। 1996 में दंपति ने बच्चे की चाह में छह साल की बच्ची की बलि च?ा दी। 1983 में मां-बेटे ने शिक्षक की बलि देने की कोशिश की। 1973 में बच्चे की बलि दे दी गई। 1956 में गुरुवायुर में कृष्णन ने बीमार हाथी के लिए अपने दोस्त का गला रेत दिया। उसने कोर्ट में कहा था कि हाथी ब?ा जानवर है। इंसान छोटा। जब हाथी मर रहा हो तो इंसान के जिंदा रहने का कोई मतलब नहीं। 1955 में भी किशोर की गला दबाकर हत्या कर दी।

ये सत्य है कि अंग्रेजों ने देश को लूटा। हमारी प्राकृतिक संपदा और संसांधनों का दोहन किया। सोने की चिड़िया के नाम से मशहूर भारत को बरबाद कर दिया। पर ये भी सही है कि उसने भारतीय समाज के सुधार के लिए भी काफी काम किया।भारत में बाल विवाह वर रोक लगाई। विधवा विवाह के लिए कानून बनाया।भारत में नरबलि पर रोक गवर्नर लार्ड हार्डिंग के समय में 1845 में पूरी तरह से लग चुकी थी।इस रोक को 177 साल बीत गए। किंतु नरबलि की घटनांए रूकने का नाम नही ले रहीं।नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो यानी एनसीआरबी के आंकड़े बताते हैं कि जादू-टोने ने 10 साल में एक हजार से ज्यादा लोगों की जान ले ली है। 2012 से 2021 के बीच देश में 1,098 लोगों की मौत का कारण जादू-टोना ही था।

-17 अक्तूबर 2021 को बिहार के अररिया में एक छात्र की बलि दी गई।आरोपी ने इकबाल किया कि उसने पत्नी और बेटे के साथ मिलकर ये हत्या की।-30 मई 2020 को ओडिशा के बाहुड़ा गांव के ब्राह्मणी देवी मंदिर के पुजारी ने पूजा करने आए सरपंच की गर्दन काटकर हत्या कर दी ।

आरोपी पुजारी ने बताया कि कि चार दिन पहले हमें मां मंगला देवी का सपना आया था कि नरबलि देने से यह इलाका कोरोना महामारी से मुक्त हो जाएगा। इसके बाद रात को जब गांव के ही 55 वर्षीय सरोज प्रधान मंदिर में पहुंचे तब पुजारी ने धोखे से धारदार कटारी से उसका सिर धड़ से अलग कर दिया।

नरबलि पर तो आजादी से 102 साल पहले अंग्रेज के समय में रूक गई थी।इसके बाबजूद ये भारतीय समाज में आज भी जिंदा है। आज भी नरबलि की घटनांए प्रकाश में आते रहतें हैं।आज भी देश में तंत्रमंत्र, दकियानूसी मान्यताएं और नासमझी इतनी ज्यादा हावी है कि लोग अपने फायदे के लिए दूसरे की जान लेते भी नहीं झिझकते।

नरबलि तथा अन्य सामाजिक कुप्रथाओं के खिलाफ समाज को जागृत करने का सरकार द्वारा लगातार अभियान चलता रहा है। देश में शिक्षा में भी वृद्धि हुई। जनचेतना बढ़ी ,इसके बावजूद देश में ये कुप्रथा जारी हैं। 1929 से बाल विवाह पर रोक है। इसके बावजूद बाल विवाह होते रहतें हैं।

आज देश का सबसे ज्यादा शिक्षा वाला प्रदेश केरल हैं।यहां भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी माकपा की सरकार है। प्रदेश में जनता का वामपंथ की और झुकाव है।माकपा तो पहले ही कुप्रथाओं का विरोध करती रही है। इसलिए इस प्रदेश में नरबलि के बारे में कोई सोच भी नही सकता।यहां साक्षरता का प्रतिशत 96 है।

जबकि आंध्र प्रदेश में 66.4,राजस्थान में 69.7,बिहार में 70.90,तेलंगाना में 72.8 प्रतिशत उत्तर प्रदेश में 73.0,मध्य प्रदेश में 73.7,झारखंड में 74.3 और कर्नाटक में 77.2 प्रतिशत साक्षरता है। केरल के अलावा अन्य प्रदेश में घटना का होना साक्षरता का कम प्रतिशत माना जाता है।किंतु केरल में तो ऐसा नही है।हालाकि इस तरह की घटनांए मिलने पर कठोर कार्रवाई होती है।किंतु हमारी न्यायिक प्रणाली का बड़ा दोष है, कि इसके पूरा होने में लंबा समय लगता है। सालों लग जाते है। 25- 30 साल लग जाना आम बात है ।जरूरत है कि नरबलि के मामले में फास्ट ट्रेक कोर्ट में केस चले। तेजी से अपील पर भी कार्यवाही पूरी कर आरोपियों को कुछ ही माह में कठोरतम सजा दी जाए। इस प्रकार के जघन्य मामलों के निर्णय बड़े स्तर पर प्रचारित हों,अखबार और इलेक्ट्रिक मीडिया की सुर्खी बनें ,समाज में बहस का मुद्दा बने, ताकि आगे से ऐसा करते आदमी डरे।समाज की कुप्रथाओं पर रोक के लिए जनचेतना का काम स्कूली स्तर पर शुरू हो। स्कूलों में सवेरे प्रार्थना के समय कुप्रथाओं को रोकने के लिए छात्रों को जागृत किया जाए।

जादू,टोने, टोटकों की सच्चाई जनता तक पहुंचे। धार्मिक संस्थाओं और धर्म गुरूओं को भी इस अभियान में शामिल करना होगा, ताकि वे अपने शिष्य और उनके परिवार को इसके प्रति जागृत करें। सुदूर क्षेत्र में रहने वालों को भी शिक्षा मिले।तभी जाकर ऐसी घटनाओं को रोका जा सकेगा। केरल में दो महिलाओं की हत्या के बाद अब काला जादू के खिलाफ कानून बनाने की मांग उठने लगी है। तीन साल पहले 2019 में बिल बना भी, लेकिन विधानसभा में पेश तक नहीं हुआ। इसमें काला जादू, मानव बलि रोकने के प्रावधान थे। सरकार भी इस बिल पर मौन साधे है। केरल सरकार को अब इस कानून को लागू करने के लिए दबाव बढ़ेगा। वैसे देश में नरबलि पर तो पहले ही रोक है।सिर्फ काले कानून पर रोक की बात है।

अशोक मधुप

> **आजादी के अमृत महोत्सव के वर्ष में केरल से दो महिलाओं के नरबलि देने की खबर चौंकाने वाली है।चौंकाने वाली इसलिए भी है कि केरल देश का सबसे ज्यादा शिक्षित प्रदेश है। पुराने समय से कहा जाता रहा है कि यह समाज को शिक्षित करके देश से कुप्रथा, छुआछूत, बाल विवाह, जादू-टोने और नरबलि जैसी कुप्रथा को खत्म कर दिया जाएगा। किंतु यह घटना ये बताने के लिए काफी है कि समाज में कुप्रथा किस गहराई तक हैं।देश के सबसे शिक्षित प्रदेश में ऐसा होना चौकाने वाली घटना है।**

आपका राशिफल 15 अक्टूबर

मेष चू चे चो ला ली लू ले लो अ

कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-6-8

वृष इ उ ए ओ वा वी वू वे वो

स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सम्पत्ति से लाभ। शुभांक-4-6-8

मिथुन का की कू घ ङ छ के को हा

महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

कर्क ही हू हे हो डा डी डू डे डो

धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुखदायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-6-7

सिंह मा मी मू मे मो टा टी टू टे

मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। शुभांक-2-4-6

कन्या टो पा पी पू ष ण ठ पे पो

धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। स्थान परिर्वतन की संभावना हैं। शुभांक-3-5-7

तुला रा री रु रे रो ता ती तू ते

रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का योग है। शुभांक-3-5-6

वृश्चिक तो ना नी नू ने नो य यी यू

कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शुभांक-4-5-7

धनु ये यो भा भी भू धा फा ढा भे

जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। परिवारजन का सहयोग काम को बनाना आसान करेगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। शुभ कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। शुभांक-2-4-6

मकर भो जा जी खी खू खे खो गा गी

परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। बौद्धिक उलझनें बनी रहेंगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। शुभांक-1-3-5

कुंभ गू गे गो सा सी सू से सो दा

मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। पारिवारिक विवाद टालें। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। शुभांक-2-6-9

मीन दी दू थ झ ञ दे दो चा ची

शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-2-4-6

फिल्म वर्ग पहेली - 5958



ऊपर से नीचे:-

१. 'आजकल पाँव जमीं पर' गीत वाली फिल्म-२
२. 'गवाह हैं चाँद तारे' गीत वाली फिल्म-३
३. अक्षय कुमार, करिश्मा की 'सच कहते हैं हम' गीत वाली फिल्म-४
४. 'काली नागिन के जैसी' गीत वाली फिल्म-२
५. राज कपूर, नर्गीस की 'ये शाम की तनहाइयाँ' गीत वाली फिल्म-२
८. 'बात बात में रूठो ना' गीत वाली बलराज साहनी, नूतन की फिल्म-२
९. 'शोला और शबनम' में नायिका कौन थी-३
१०. फिल्म 'सनम बेवफा' में चांदनी के साथ नायक कौन था?-४
१२. 'चोरी चोरी कोई आए' गीत वाली फारूख शेख, पूनम की फिल्म-२
१३. संजय कपूर, शिल्पा की 'टक टका टक' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'काले लिबास में बदन' गीत वाली इंद्रकुमार, आयशा की फिल्म-३
१७. जॉय मुखर्जी, सायरा की 'उड़ के पवन के संग' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'ऐ दीवाने दिल' गीत वाली अक्षय कुमार, सोनाली बेंद्रे की फिल्म-३
२१. 'हाँ हाँ ये प्यार है' गीत वाली फिल्म-३
२४. फिल्म 'अंखियों से गोली मारे' की नायिका कौन है?-३
२५.'काश तुम मुझ' गीत वाली संजय, रवीना, करिश्मा की फिल्म-३
२६. 'सपने में मिलती है' गीत वाली फिल्म-२
२७. फिल्म 'भूत' में पुलिस इंस्पेक्टर की भूमिका किसने की है?-२
२८. 'नैनों में महबूब के' गीत वाली फिल्म-२

बायें से दायें:-

१. अमोल पालेकर, जरीना की 'दो दीवाने शहर में' गीत वाली फिल्म-३
३. 'बंबई से रेल चली' गीत वाली अक्षयकुमार, मधु की फिल्म-३
६. सुनीलदत्त, नूतन की 'सावन का महीना' गीत वाली फिल्म-३
७. 'ये हवाएं सर्द हैं' गीत वाली राजेश, मिथुन, शबाना की फिल्म-४
१०. फिल्म 'नरसिम्हा' में नायक कौन था-२
११. 'तुम को कितना है प्यार' गीत वाली फिल्म-२
१२. 'आवाज दे कहाँ है दुनिया मेरी जवां है' की गायिका कौन थी-४
१४. 'अनपढ़' में धर्मेन्द्र की नायिका-२
१५. फिल्म 'देवदास' में 'चंद्रमुखी' कौन बनी है?-३
१६. 'दिन प्यार के आये रे' गीत वाली शेखर, कामिनी कौशल की फिल्म-२
१७. अमिताभ, शशिकपूर, शत्रुघ्न, राखी, परवीन, बिंदिया गोस्वामी की फिल्म-२
१८. शशिकपूर, जीनत की 'लैला ने भी प्यार किया' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'सुना था देखा न था' गीत वाली आफताब, उर्मीला की फिल्म-२
२१. आमिर, माधुरी की 'खभे जैसी खड़ी हैं' गीत वाली फिल्म-२
२२. फिल्म 'ब्लैकमेल' में नायिका कौन थी?-२
२३. अक्षय, माधुरी की 'अब तेरे दिल में' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'ऊपरवाला दुखियों की' गीत वाली दिलीप, सायरा बानो की फिल्म-३
२८. प्रसिद्ध बालगीत 'आओ बच्चों तुम्हें दिखायें' किस फिल्म का हैं?-३
२९. 'मैं प्यार का पुजारी' गीत वाली गोविंदा, नीलम की फिल्म-२
३०. प्रदीपकुमार, वैजयंती की 'जादूगर सैंया' गीत वाली फिल्म-३

फिल्म वर्ग पहेली - 5957

Jagrutidaur.com, Bangalore

चिलचिलाती गर्मी में भी शरीर को ठंडा और हाइड्रेटेड रखेंगे ये फल

गर्मियों के मौसम में शरीर से अधिक पसीना आने से पानी की कमी होने का खतरा रहता है। इसके अलावा लू लगने की भी संभावना रहती है। ऐसे में बॉडी को हाइड्रेटेड रखने के लिए लोग नारियल पानी, छाछ, लस्सी आदि का सेवन करते हैं। मगर आप चाहे तो डेली डाइट में कुछ पानी से भरपूर फलों को शामिल कर सकते हैं। इनके सेवन से आपकी बॉडी में पानी की कमी पूरी होने के साथ शरीर व पेट में ठंडक का एहसास होगा। साथ ही लू लगने से बचाव रहेगा। चलिए जानते हैं इन फलों के बारे में...

आमगर्मियों में मिलने वाले आम को फलों का राजा कहा जाता है। यह खाने में टेस्टी होने के साथ पोषक तत्व, मिनरल्स और एंटी-ऑक्सीडेंट्स गुणों से भरपूर होता है। आप पके आप को काटकर खाने के अलावा इससे जूस, स्मूदी, लस्सी, शेक आदि बनाकर पी सकते हैं। इसके अलावा कच्चे आम का पन्ना लोग गर्मियों में खासतौर पर पीाा पसंद करते हैं। इससे शरीर को सभी जरूरी तत्व मिलने के साथ पानी की कमी से बचाव रहता है। साथ ही लू लगने का खतरा भी कम रहता है।

लोग गर्मियों में खासतौर पर तरबूज खाना पसंद करते हैं। इसमें अधिक मात्रा में पानी होने से डिहाइड्रेशन की समस्या से बचाव रहता है। बॉडी दिनभर हाइड्रेटेड रहने के साथ पेट में ठंडक बनी रहती है।

खरबूजाखरबूजा भी गर्मियों में मिलने वाला फल है, जिसे लोग बड़े ही चाव से खाते हैं। इसमें सभी जरूरी तत्व व अधिक मात्रा में पानी होता है। ऐसे में इसका सेवन करने से शरीर में पानी की कमी पूरी होने के साथ पेट को ठंडक का एहसास होता है।

अंगूर अंगूर विटामिन, फाइबर, आयरन, कार्बोहाइड्रेट, सोडियम व अन्य पोषक तत्वों और मिनरल्स से भरपूर होते हैं। इसके सेवन से डिहाइड्रेशन की समस्या दूर होने के साथ पेट व शरीर को ठंडक मिलती है। अंगूर खाने से इम्यूनिटी तेजी सी बूस्ट होती है और दिनभर एनर्जेटिक रहने में मदद मिलती है। आप गर्मियों में अंगूर, इसका जूस, कसटर्ड आदि बनाकर डेली डाइट में शामिल कर सकते हैं।

मौसंबीगर्मी में लू के खतरे से बचने के लिए आप डेली डाइट में मौसंबी शामिल कर सकते हैं। इससे शरीर में पानी की कमी पूरी होने के साथ ठंडक मिलती है। साथ ही इम्यूनिटी बूस्ट होने से बीमारियों की चपेट में आने का खतरा कम रहेगा।

आलूबुखारा गर्मियों में मिल` वाला आलूबुखारा पोषक तत्वों, एंटी-ऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर होता है। इसमें मौजूद विटामिन सी से लू लगने व इंफेक्शन का खतरा कम रहता है। फाइबर से भरपूर आलूबुखारा खाने से पाचन से जुड़ी समस्याएं दूर रहती है। इससे इम्यूनिटी बूस्ट होने के साथ शरीर को ठंडक का एहसास होता है।

सूडोकु नवताल- 6470

★ ☆ ☆ ☆ ☆
सरल

2	9			5				4
4			2		7		8	
	1	6		8				3
8		5		9				7
3	6			2			1	9
1				3		5		2
5				7		6	3	
	3		1		8			5
9				6			2	1

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6469 का हल

7	8	1	6	9	4	2	5	3
2	6	4	5	3	6	1	7	9
5	3	9	1	2	7	4	6	8
9	5	8	7	4	1	3	2	6
1	2	3	9	5	6	7	8	4
4	7	6	3	8	2	9	1	5
3	9	7	2	6	5	8	4	1
6	4	2	8	1	9	5	3	7
8	1	5	4	7	3	6	9	2

विचार प्रवाह

हम सब भिखारी हैं। विकारी जीव सबसे बड़ा भिखारी है। सच कहा है कि गरीब आदमी मंदर के बाहर भीख मांगता है और अमीर आदमी मंदिर के भीतर भीख मांगता है। भिखारी भीख ही नहीं मांगता, वह सीख भी बांटता है। वह कहता है पिछले जन्म में मेरे पास बहुत था, पर मैंने किसी को नहीं दिया औश्र आज मैं भिखारी बन गया। तुम ऐसी गलती नहीं करना।

-मुनिश्री तरुण सागर

शब्द पहेली - 7510



बाएँ से दाएँ

1.लाचार,बेबस-3
3.प्राण,जान-3
5.दुर्ग,फोर्ट-2
6.सद्पुरुष-2
8.कवायद-4
10.प्रतिघात,मुआवजा-3
12.कंठ,गला-3
13.लकड़ी-2
14.प्रथम मानव-2
15.धोखेबाज,कपटी-3
17.माजरा,घटना-3
19.कहासुनी,झंझट -4
21.संबोधन-2
23.चावल-2
24.रगड़ना,लगाना-3
25.वादा,प्रतिज्ञा -3

ऊपर से नीचे

1.लता,लतिका-2
2.चावल (अंग्रेजी-3)
3.हूर,अप्सरा-3
4.आकाश,व्योम-2
5.शायरी करनेवाला-3
7.योग्य,उपयुक्त-3
8.अदाकार,फनकार-4
9.घोड़ागाड़ी-2
12.बजरंगबली-4
15.माह,मास-3
16.जांघ,जंघा-2
18.धिक्कार,फटकार-3
19.मामूली,तुच्छ-3
20.बहने का भाव-3
22.संस्कृत में 'मेरा'-2
23.होश,आभास-2

शब्द पहेली -7509 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

इंडिगो की उदयपुर उड़ान एक नवंबर से, दिल्ली तक शाम की उड़ान शुरू करेगा एयर इंडिया

भोपाल-उदयपुर उड़ान संख्या 6-ई 7973/7974 का एक नवंबर से प्रभावी शेड्यूल

- भोपाल से प्रस्थान - शाम 05.20 बजे
- उदयपुर आगमन - शाम 06.40 बजे
- उदयपुर से प्रस्थान - शाम 07.20 बजे
- भोपाल आगमन रात्रि - 08.40 बजे

भोपाल, यश भारत। भोपाल से उदयपुर के बीच ढाई साल बाद सीधी उड़ान शुरू होने जा रही है। इंडिगो ने एक नवंबर से इस रूट पर 72 सीटों वाला एटीआर विमान चलाने का निर्णय लिया है। इसका शेड्यूल भी जारी हो गया है। विंटर शेड्यूल के बीच में ही एयर इंडिया दिल्ली से भोपाल के बीच शाम की उड़ान शुरू करेगा। एयरपोर्ट अथारिटी चाहता है कि पुणे तक भी सीधी उड़ान शुरू की जाए। इसके लिए अथारिटी दोनों कंपनियों से चर्चा कर रहा है। एयरलाइंस कंपनियों 30 अक्टूबर से विंटर शेड्यूल लागू करती हैं। एयरपोर्ट अथारिटी को उम्मीद थी कि नए शेड्यूल में कम से कम आधा दर्जन उड़ानें शुरू होंगी, लेकिन शेड्यूल लागू होने से पहले ही नई उड़ानें शुरू होने के बजाय दो उड़ानें बंद हो गईं। फ्लायबिग ने हैदराबाद उड़ान और एयर इंडिय ने पुणे उड़ान बंद कर दी, इससे चिंतित अथारिटी ने एयरलाइंस कंपनियों को प्रजेंटेशन देकर नए रूट पर उड़ानें शुरू करने का आग्रह किया। अब इसके नतीजे सामने आ रहे हैं। इंडिगो एयरलाइंस ने उदयपुर रूट पर उड़ान शुरू करने की घोषणा कर दी है। भोपाल से उदयपुर का कनेक्शन दूसरी बार जुड़ने जा रहे है। भोपाल से उदयपुर तक शुरुआती किराया 3150 रूपये होगा। साढ़े तीन साल पहले स्पाइस जेट ने उदयपुर उड़ान प्रारंभ कर दी थी। कोरोना काल के समय कंपनी ने अपनी सभी उड़ानें बंद कर दी थीं।

दिल्ली तक शाम की उड़ान मिलेगी

एयर इंडिया भी विंटर शेड्यूल के बीच में ही दिल्ली तक अतिरिक्त उड़ान शुरू करेगी। यह उड़ान संभवतः एक जनवरी 2023 से प्रारंभ होगी। कंपनी ने अथारिटी को संभावित समय-सारिणी से अवगत कराया है। उड़ान शाम 7.55 बजे भोपाल से रवाना होगी। अथारिटी ने भोपाल से पुणे के बीच सीधी उड़ान शुरू कराने के लिए एयर इंडिया के साथ इंडिगो से भी आग्रह किया है। एयर इंडिया ने दो माह पहले इस रूट पर अपनी उड़ान बंद कर दी थी।

दो साल बाद सामूहिक रूप से सुहागन महिलाओं ने की पति की लंबी आयु की कामना

सीएम हाउस में भी मना करवा चौथ

भोपाल,यशभारत। कोरोना के कारण दो साल बाद शहर में सार्वजनिक आयोजनों में सुहागिन महिलाओं ने धूमधाम से करवाचौथ पर्व मनाया। कालोनियों, होटल, रेस्टोरेंट, सामुदायिक भवनों में आयोजित हुए करवाचौथ पर्व के कार्यक्रमों में महिलाओं ने चंद्रमा देखा। विधि-विधान से करवाचौथ कथा पढ़ी। पूजा-अर्चना की। चंद्रमा को अर्घ्य दिया। पति का आशीर्वाद लिया और पतियों के हाथों से पानी पीकर निर्जला व्रता खोला। सीएम हाउस में भी करवा चौथ का पर्व पूर्ण श्रद्धाभाव से मनाया गया। सीएम शिवराज राज चौहान अपनी पत्नी के साथ करवा चौथ की पूजा-अर्चना में शामिल हुए। इसके बाद साधना सिंह ने शिवराज संग सीएम हाउस के प्रांगण में छलनी से चंद्रमा के दर्शन कर जल ग्रहण किया।घर-घर करवाचौथ पर्व सुहागिन महिलाओं ने मनाया। कार्तिक कृष्ण पक्ष चतुर्थी पर अखंड सौभाग्य के लिए महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर करवाचौथ का पूजन किया। रात करीब 8ः30 बजे आसमान में जैसे चंद्रमा की झलक दिखाई दी। महिलाओं ने चलनी की ओट से दर्शन कर अर्ध्य दिया और पूजा कर पति की दीर्घायु के लिए प्रार्थना करना शुरू कर दी। फिर उसी छलनी से पतिदेव के दर्शन किए।इसके बाद पति के हाथ से अन्न जल ग्रहण कर करवाचौथ का निर्जला व्रत खोला। पति की लंबी उम्र की कामना की। साथ ही सास-ससुर के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। घरों में भगवान गणेश, कर्तिकेय व चौथ माता की पूजा-अर्चना की। पूजन के साथ-साथ व्रतधारी महिलाओं ने सुहागिन महिलाओं को हल्दी कुमकुम लगाकर सुहाग की सामग्री भेंट की। अखंड सौभाग्य के लिए आशीर्वाद मांगा।शाम साढ़े सात बजे से उपवास करने वाली महिलाएं चांद निकलने का इंतजार करती दिखीं। इस दौरान बार-बार छतों पर जाकर चंद्रमा का उदय होने का इंतजार करतीन नजर आईं। सुहागिनों ने दुल्हन की तरह सजधज कर शिव-पार्वती और करवे की पूजा की। इस मौके पर उन्होंने पर्व से जुड़ी वीरावती की कथा भी सुनी। मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की पत्नी साधना सिंह ने विधि-विधान से करवाचौथ की पूजा की।

पंजाबी समाज की महिलाओं ने मनाया पर्व

ठ्ठड्डद्बस्त्रह्वठ्ठद्बड्डुएमपीनगर बोर्ड आफिस के एक होटल में पंजाबी समाज ने महिलाओं ने सार्वजनिक रूप से करवाचौथ पर्व मनाया। सज-धज की पंजाबी समाज की महिलाएं आईं। पूजा-अर्चना की। पतियों से आशीर्वाद लिया। करीब 200 महिलाओं को पंडित ने विधि-विधान से पूजा कराई। करवाचौथ की कथा सुनाई।

कोटरा सुल्तानाबाद में हुई आतिशबाजी

सहज शिक्षा समाज कल्याण समिति ने कोटरा सुल्तानाबाद के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में करवाचौथ पर्व मनाया। इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं व उनके पति शामिल हुए। महिलाओं ने चंद्रमा देखकर पूजा-अर्चना शुरू कर दी। पतियों को तिलक लगाया। उनकी लंबी आयु की कामना की। इससे पहले हवन किया गया। रंगा-रंग आतिशबाजी भी हुई। समिति के प्रमुख रमेश राठौर ने बताया कि कोरोना के कारण दो साल बाद सार्वजनिक कार्यक्रम रखा।कुछ जगहों पर सामूहिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत टीला जमालपुरा के शीतला माता मंदिर,गुफा मंदिर,श्रीकृष्ण मंदिर तलैया। इसके अलावा राजधानी के कटारा हिल्स क्षेत्र गौरीशंकर परिसर में महिलाओं ने सामूहिक रूप से करवा चौथ की पूजा-पाठ की। इसी तरह राठौर समाज की ओर से सामूहिक करवा चौथ पूजा-पाठ की गई। तो वहीं पूजन के बाद कई महिलाएं अपने परिजनों के साथ खाना-खाने के लिए होटलों में पहुंची। इसके चलते होटले के सामने लंबी-लंबी वाहनों की लाइन लग गई।

बाजारों में हुई धन की वर्षा

सुहागिन महिलाओं व उनके पतियों ने बाजारों में खूब खरीदारी की। करवाचौथ व्रत कथा के कलैंडर, आरती संग्रह व पूजन सामग्री, फूल, मिठाई, सोने-चांदी के जेवर की खरीदारी हुई। न्यू मार्केट, चौक, कोलार, संत हिरदाराम नगर, नर्मदापुरम रोड, आनंद नगर, अवधपुरी सहित सभी छोटे-बड़े बाजारों में खरीदारों की भीड़ रही। दो करोड़ रुपये से अधिक कारोबार हुआ। व्यवसाय में 30 प्रतिशत तक उछाल आया। न्यू मार्केट व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष संजय वलेचा ने बताया कि करवाचौथ के चलते व्यवसाय में अच्छा उछाल देखने को मिला। न्यू मार्केट की 1300 दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ रही।

कॉन्स्टेबल ने छात्रा के सामने छात्र को पीटा

बोला- अय्याशी करते हो ; कपड़े उतरवाए

भोपाल ,यशभारत। भोपाल में एक कॉन्स्टेबल ने छात्र के साथ मारपीट कर दी। उसके कपड़े उतरवाए। छात्र, साथ में पढ़ने वाली एक छात्रा से बात कर रहा था। एमपी नगर थाने के कॉन्स्टेबल ने इसी बात पर उसे पीट दिया। मौके पर भीड़ जुटने पर कॉन्स्टेबल भाग निकला। मौके पर मौजूद लोगों ने इसका VIDEO भी बना लिया। एडिशनल डीसीपी राजेश सिंह भदौरिया ने बताया कि VIDEO की जांच कर कॉन्स्टेबल के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। घटना गुरुवार शाम 5.30 बजे की बताई जा रही है। इसका VIDEO सामने आया है। रचना टॉवर के सामने सुभाष नगर विश्राम घाट के एंट्री गेट के पास छात्र-छात्रा खड़े होकर बात कर रहे थे। इसी बीच, भेल के खंडहर की तरफ से कॉन्स्टेबल प्रशांत तिवारी आया। वह वर्दी पहने था और नशे में धुत था। उसने छात्र से वहां ख? रहने की वजह पूछी। छात्र ने बताया कि वे दोनों स्टूडेंट हैं। साथ में पढ़ते हैं। इस पर कॉन्स्टेबल ने उन्हें धमकाया कि तुम लोग अय्याशी कर रहे हो। इसके बाद छात्र-छात्रा होशंगाबाद रोड की तरफ बढ़ने लगे। कॉन्स्टेबल पीछे से आया और छात्र के साथ मारपीट शुरू कर दी। उसके कपड़े उतरवाने लगा।

पुलिस की गाड़ी देखकर भाग गया

हंगामा देख भीड़ जमा होने लगी। लोगों ने कॉन्स्टेबल को घेर लिया। लोगों ने इसके VIDEO भी बनाए। कॉन्स्टेबल ड्ढद्धष्ठश्चह्ल न बनाने की हिदायत देने लगा। इसी बीच, गोविंदपुरा पुलिस की गाड़ी पहुंच गई। कॉन्स्टेबल ने गाड़ी को देखा और भाग निकला। दोनों छात्र-छात्रा भी चले गए। चश्मदीदों ने बताया कि लड़का-लड़की खुद को माखनलाल पत्रकारिता विश्वविद्यालय के स्टूडेंट्स बता रहे थे। उन्होंने पुलिस से शिकायत करने से मना कर दिया। कॉन्स्टेबल ने छात्र से मारपीट की और कपड़े उतरवाने लगा। यह देखकर वहां भीड़ जमा हो गई। इनमें से किसी ने उनका वीडियो बना लिया। छात्र-छात्रा खुद को एक माखनलाल पत्रकारिता विश्वविद्यालय के स्टूडेंट बता रहे थे। उन्होंने पुलिस थाने में कोई भी शिकायत करने से मना कर दिया था। कॉन्स्टेबल ने छात्र से मारपीट की और कप? उतरवाने लगा। यह देखकर वहां भीड़ जमा हो गई। इनमें से किसी ने उनका वीडियो बना लिया। छात्र-छात्रा खुद को एक माखनलाल पत्रकारिता विश्वविद्यालय के स्टूडेंट बता रहे थे। उन्होंने पुलिस थाने में कोई भी शिकायत करने से मना कर दिया था।

हाथ जोड़कर मांगते रहे माफी

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि छात्र-छात्रा की गलती नहीं थी। वो सिर्फ बात कर रहे थे। पुलिसकर्मी आते ही बदतमीजी करने लगा। इसके बाद भी वो अनदेखा करके आगे बढ़ गए। कॉन्स्टेबल ने पीछे से जाकर छात्र से मारपीट शुरू कर दी। छात्र ने बिना गलती के माफी भी मांगी, लेकिन वो मारता रहा। दोनों ने परिजनों से बात करने के लिए भी कहा, लेकिन वो बात करने को भी तैयार नहीं हो रहा था। इसके बाद राहगीरों ने पुलिसकर्मी से कहा कि गलती तो हो गई तुमसे, दोनों से माफी मांग लो और जाओ, लेकिन वो इतना नशे में था कि बस धमकी ही देता रहा।

थाने की सीमा छोड़ दूसरे थाने में पहुंचा

कॉन्स्टेबल प्रशांत तिवारी एमपी नगर थाने में पदस्थ है। रचना टॉवर के सामने फुटपाथ पर दुकान चलाने वाले लोगों ने बताया कि यह पुलिसकर्मी हर रोज सुभाष नगर विश्राम घाट के सामने मैदान में ड्रिंक करने आता है। इसके बाद जो लड़के-लड़कियां यहां घूमते हैं, उन्हें पकड़कर पूछताछ करता है। बुधवार को भी उसने एक प्रेमी जोड़े को पकड़ा था। थोड़ी देर तक उनसे पूछताछ करने के बाद उन्हें छोड़ दिया था। रचना नगर के सामने वाला इलाका ऐशबाग और गोविंदपुरा थाने की सीमा पर है। वह थाने की सीमा से बाहर जाकर हरकत कर रहा था।

युवती को अगवा कर जबरन कर ली शादी, आरोपित गिरफ्तार

भोपाल यशभारत। राजधानी के गांधी नगर थाना इलाके में एक युवती का अपहरण करने के बाद डरा-धमका कर उससे मंदिर में जबरन शादी करने का मामला सामने आया है। शिकायत मिलने पर पुलिस ने आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया है। उसे गुरुवार को कोर्ट में पेश किया गया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया है। गांधी नगर थाना पुलिस के मुताबिक 20 वर्षीय युवती एयरपोर्ट रोड पर रहती है। वह अपने घर में किराना दुकान चलाती थी। उसकी दुकान पर पंकज कुशवाहा नाम का युवक अक्सर किराना सामान लेने आता था। इस कारण वह उसे पहचानती थी। दोनों के बीच दोस्ती भी भी गई थी। युवती ने थाने में की गई शिकायत में बताया कि आठ अक्टूबर को पंकज उसके घर पहुंचा और उससे बोला कि मेरी बहन को मेहंदी लगवाना है। तुम कुछ समय के लिए मेहंदी लगाने के लिए मेरे साथ चलो। इस पर युवती राजी हो गई और युवक के साथ बाइक पर बैठकर चली गई। इस दौरान युवक अपनी बहन के घर जाने के बजाए युवती को लेकर नेहरू नगर स्थित आर्य समाज मंदिर पहुंचा। जहां पर उसने युवती को डरा-धमकाकर जबरन शादी कर ली। इसके बाद पंकज ने उसे एक दिन अपने साथ भी रखा। अगले दिन युवती ने पंकज से बोला कि मुझे अपने माता-पिता की याद आ रही है। इस पर पंकज ने युवती को बाइक से उसके घर के पास छोड़ दिया। घर पहुंचने पर युवती ने स्वजन को घटना के बारे में बताया। इसके बाद बुधवार रात थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज करा दी। थाना प्रभारी अरुण शर्मा ने बताया कि आरोपित पंकज कुशवाहा को अपहरण, धमकाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है।

सांप ने सपेरे को डसा, झाड़-फूंक के चक्कर में चली गई जान

भोपाल ,यशभारत। राजधानी के नजीराबाद थाना इलाके में सर्पदंश से एक सपेरे की मौत हो गई। उसे घर में जहरीले सर्प नें डस लिया था। स्वजन उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाने के बजाय झाड़ङ्कफूंक कराने के लिए ओझा के पास ले गए। तब तक शरीर में जहर फैल चुका था। बाद में उसे अस्पताल ले जाया गया। वहां चेक करने के बाद डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।नजीराबाद थाना प्रभारी बीपी सिंह ने बताया कि 55 वर्षीय रायसिंह पुत्र बापूनाथ ग्राम झिरनिया छापनी में परिवार के साथ रहता था। उसने घर के आसपास बागड़ बनी रखी थी। सोमवार रात करीब आठ बजे वह घर की बागड़ पर हाथ रखकर खड़ा था। इस दौरान एक काले सर्प ने रायसिंह के हाथ में डस लिया और उसके हाथ में लिपट गया। रायसिंह ने किसी तरह हाथ झटककर सर्प को दूर किया। परिवार के लोगों ने सर्प को मार भी डाला। उधर सर्पदंश से रायसिंह की हालत बिगड़ने लगी, तो स्वजन उसे झाड़ङ्कफूंक कराने पास के गांव में एक देव स्थान पर ले गए। वहां करीब एक घंटे तक तंत्र-मंत्र करने के बाद ओझा ने भी रायसिंह की जान बचाने को लेकर हाथ खड़े कर दिए। इसके बाद स्वजन रायसिंह को घर ले आए। मंगलवार सुबह वे उसे लेकर बैरसिया स्थित सरकारी अस्पताल पहुंचे। वहां चेक करने के बाद डाक्टर ने रायसिंह को मृत घोषित कर दिया। साथ ही घटना की सूचना नजीराबाद थाने को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। टीआइ बीपी सिंह ने बताया कि यदि रायसिंह को समय रहते अस्पताल ले जाया जाता तो संभवतः उसकी जान बच सकती थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सुनार को डिजाइन दिखाने के बहाने महिला के जेवर लेकर हड़पे, प्रकरण दर्ज

भोपाल ईएमएस। राजधानी में कोहेफिजा थाना पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर उसके परिचित के खिलाफ अमानत में खयानत का केस दर्ज किया है। आरोपित ने महिला से सात साल पहले बेटी की शादी के वक्त सुनार को जेवर की डिजाइन दिखाने के बहाने सोने के जेवर लिए थे। इसके बाद वापस नहीं लौटाए। कोहेफिजा थाने के एसआइ सुनील मिश्रा ने बताया कि राजीव नगर कोहेफिजा निवासी 42 वर्षीय नाहिद बानो पत्नी मोहम्मद शफीक (42) गृहणी हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि मई 2015 में उनके परिचित निशात खान उनके घर आए थे। निशात ने कहा था कि उसकी बेटी की शादी है। वह अपनी बेटी के लिए सोने के जेवरात बनवाना चाहता है। डिजाइन दिखाने के लिए आप अपने जेवर मुझे दे दो। सुनार को दिखाकर उसी डिजाइन के जेवरात बनाने दे देता हूं। परिचित होने के कारण नाहिद ने अपने जेवर निशात को दे दिए। काफी समय बाद जब महिला ने जेवर वापस मांगे तो आरोपित ने बताया कि उसने जेवर गिरवी रख दिए हैं। बाद में बताया कि जेवरात बेच दिए हैं। जब महिला ने दबाव बनाया और पुलिस में शिकायत की बात कही तो उसने समझौता करते हुए 50 हजार रूपए किश?तों में चुकाने की बात कही, लेकिन जेवर की कीमत नहीं चुकाई। परेशान होने के बाद दो माह पहले नाहिद ने घटना की लिखित शिकायत थाने में की थी। शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने आरोपित निशात के खिलाफ अमानत में खयानत का केस दर्ज कर लिया है। फिलहाल आरोपित की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

लिव इन पार्टनर ने चाकू और टूटे कांच से की युवती की हत्या, पीएम रिपोर्ट से राजफाश



भोपाल, यशभारत। पिपलानी के इंद्रपुरी सी सेक्टर में अपने मित्र के साथ लिवइन में रहने वाली सिक्किम की युवती हत्या उसके ही लिवइन पार्टनर ने की थी। उसने चाकू और कांच के टूटे टुकड़े से गला काटा था। हत्या का कारण आरोपित के फोन पर उसकी दूसरी महिला का फोन आने पर विवाद होने पर उसने ही उसकी हत्या कर दी थी। पुलिस की मिली पार्ट पीएम रिपोर्ट के बाद पूरे मामले से पर्दा उठ गया है। पुलिस ने आरोपित को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मामला हत्या का होने के कारण दो घंटे तक हमीदिया अस्पताल की मेडिकोलीगल टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया।बता दें कि मूलतरू सिक्किम निवासी 24 वर्षीय प्रेमा लांबा तमंग रोहित नगर शाहपुरा में एक निजी ब्यूटी पार्लर में ब्यूटीशियन थी। दो माह पहले उसकी शहडोल के रहने वाले एक युवक हर्ष केसरवानी से इंटरनेट मीडिया के माध्यम इंस्टाग्राम से दोस्ती हुई थी। युवक निजी कालेज से फार्मेसी कर रहा है,उसके बाद से दोनों एक दूसरे के करीब आ गए और इंद्रापुरी सी सेक्टर में कमरा किराये पर लेकर लिवइन में रहने लगे थे।घटना के दिन दोनों के बीच विवाद हो गया थ। इस दौरान प्रेमा ने गुस्से में आकर कमरे में तोड़फोड़ कर दी थी। उसके बाद युवती कर गला कटने से मौत हो गई थी। बाद में युवती के लिवइन पार्टनर ने पूरे मामले को खुदकुशी का रंग देने के लिए पुलिस गुमराह करने के लिए और पूरू मामले को खुदकुशी से जोड़ते हुए। पुलिस झूठी कहानी सुना दी थी,लेकिन पुलिस ने पहले ही दिन से उसे संदेही के रूप में रखा था। देर रात को उसकी प्रेमा की पार्ट पीएम रिपोर्ट आने के बाद पूरे मामले से पर्दा उठ गया। पिपलानी टीआइ अजय नायर ने बताया कि लिवइन पार्टनर ने ही प्रेमा की हत्या चाकू और कांच टुकडे से गला काटकर की थी। पार्ट पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद पूरे मामले से पर्दा उठ गया है।

भारत टाकीज ओवरब्रिज की मरम्मत का काम शुरू, नए साल तक संवरकर होगा तैयार

भोपाल, यशभारत। पुराने शहर में बने भारत टाकीज ब्रिज के मरम्मत का काम शुरु हो गया है। इसके दुरुस्त होने में दो महीने का समय लगेगा। नए साल में यह बनकर तैयार हो जाएगा। इंजीनियरों का दावा है कि मरम्मत के बाद ओवरब्रिज की उम्र 25 वर्ष और बढ़ जाएगी। बता दें कि मरम्मत के लिए ओवरब्रिज के ऊपर एक तरफ की सड़क को खोद दिया गया है और मेंटेनेंस का काम कराया जा रहा है। ब्रिज के ऊपर जाम न हो, इसके लिए बैरिकेडिंग कर दी गई है। सड़क के निर्माण के बाद ब्रिज की रेलिंग और फुटपाथ के काम को किया जाएगा। भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक से नवबहार सब्जी मंडी और हमीदिया रोड को जोड़ने वाले इस ब्रिज का निर्माण 1974 में किया गया था। कुछ समय से ब्रिज की सड़क पर बड़े- बड़े गड्ढे हो गए थे और इसमें से सरिए बाहर निकलने लगे थे। इसके बाद इसे पूरी तरह से सुधारने का निर्णय लिया गया था। माना जा रहा है कि ब्रिज की मरम्मत के बाद यह अगले 25 साल तक मजबूती के साथ खड़ा रहेगा। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों की मानें तो जनवरी 2023 से पहले इसको फिर से नया स्वरूप दे दिया जाएगा।48 साल पुराने ब्रिज के बैरिंग कमजोर हो गए थे। वहीं ब्रिज पर जगह जगह से सरिए बाहर निकल आए थे। ब्रिज के किनारे बनी रैलिंग भी टूट रही है। ब्रिज के ऊपर के फुटपाथ के टाइल्स जगह-जगह से उखड़ गई है। ब्रिज के बीच में दरारें आ गई थीं। वहीं सीमेंट भी उखड़ कर नीचे गिर रहा है। ब्रिज के बीचों-बीच और एप्रोच रोड में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए थे।

कांग्रेस को बलि चढ़ाने के लिए कोई चाहिए था, इसलिए खड़गे साहब को चुनाःशिवराज

भोपाल ,यशभारत। च्बकरीद में बचे तो मोहर्रम में नाचेंगेज्ज। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी मल्लिकार्जुन खड़गे के इस बयान पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि खड़गे साहब के मुंह से सच निकल गया। कांग्रेस को पता है कि 2023 और 2024 के चुनाव में उन्हें कुछ मिलना नहीं है। इसलिए जो पदयात्रा कर रहे हैं (राहुल गांधी) वह अध्यक्ष बने नहीं। कोई एक व्यक्ति चाहिए था जिसकी बलि च?ाएं, इसलिए खड़गे साहब को उन्होंने चुना। इसलिए उनके मुंह से बलि और बकरा जैसी बातें निकल रही हैं। मुख्यमंत्री जल जीवन मिशन की कार्यशाला के बाद मीडिया से बात कर रहे थे। बता दें कि बुधवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस प्रतिनिधियों से अपने पक्ष में समर्थन मांगने के लिए खड़गे आए थे। जब उनसे पूछा गया कि आप अध्यक्ष बने तो प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार आप या राहुल में कौन होगा। इस पर उन्होंने बकरीद वाली कहावत बोली थी। मुख्यमंत्री ने इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रदेश में शिक्षा के स्तर में सुधार हो रहा है। पहले हम 17 वें नंबर पर थे अब पांचवें पर आ गए हैं। माडल स्कूल टाप-10 में हैं। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश देश का पहला राज्य है जहां मेडिकल की प?ाई हिंदी में भी कराई जाएगी। प्रधानमंत्री का एक संकल्प है कि मातृभाषा में शिक्षा से ही बच्चों की नैसर्गिक प्रतिभा का प्रकटीकरण होता है। अंग्रेजी का मैं विरोधी नहीं हूं, लेकिन अंग्रेजी के बिना कुछ नहीं हो सकता है इसका विरोध करता हूं। उन्होंने बताया कि मेडिकल की हिंदी में पुस्तकों का विमोचन करने के लिए 16 अक्टूबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भोपाल आ रहे हैं। उसी दिन वह ग्वालियर में नए एयरपोर्ट के विस्तारीकरण की नींव रखेंगे। साथ ही जल जीवन मिशन और प्रधानमंत्री आवास योजना के कामों का भी शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे।

469 हितग्राहियों के खाते में संबल योजना की 10 करोड़ की राशि अंतरित

श्रमिक परिवारों को मिला आर्थिक संबल

कटनी,यशभारत। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना एवं म.प्र. भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल योजनान्तर्गत कटनी जिले के 469 हितग्राहियों को 9 करोड़ 90 लाख रूपये की अनुग्रह सहायता राशि सिंगल क्लिक से, हितग्राहियों के खाते में अंतरित की। कटनी के जनपद पंचायत सभाकक्ष द्वारका भवन में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में विधायक संदीप जायसवाल कलेक्टर प्रियंक मिश्रा एवं जिला पंचायत सीईओ जगदीश चंद्र गोमे मौजूद रहे। हितग्राहियों और उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री के राज्य स्तरीय कार्यक्रम के सीधे प्रसारण को देखा और सुना। यहां मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कटनी जिले के संबल योजना के हितग्राही ग्राम पंचायत विस्तरा निवासी लता सेन से वर्चुअल संवाद किया। मुख्यमंत्री ने कुशलक्षेम पूछा और हौसला अफ्जाई करते हुय कहा कि हर संकट में सरकार गरीबों के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बुधवार के कार्यक्रम में कटनी जिले के संबल योजना के 431 हितग्राहियों के खाते में 9 करोड़ 14 लाख रूये और म.प्र. भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकार कल्याण की अनुग्रह सहायता राशि सिंगल क्लिक से हितग्राहियों के बैंक खाते में अंतरित की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल 2.0) योजना और मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के तहत प्रदेश भर के 15 हजार 948 श्रमिक परिवारों को 345 करोड़ 59 रूपये की अनुग्रह राशि का वितरण किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में श्रमपदाधिकारी सूर्यकांत सिरवैयार, जनपद सीईओ आर.एन.सिंह ,नगर निगम उपायुक्त पवन अहिरवार सहित बड़ी संख्या में संबल योजना के हितग्राही मौजूद रहे। विदित हो कि संबल 2.0 योजना प्रदेश के असंगठित क्षेत्र में कार्यरत लाखों श्रमिकों के लिए एक महत्वपूर्ण योजना है। अनुग्रह योजना में श्रमिक की दुर्घटना में मुत्यु होने पर 4 लाख रूपये, सामान्य मृत्यु होने पर दो लाख रूपये, स्थायी अपंगता पर दो लाख, आंशिक स्थायी अपंगता पर एक लाख और अंतिम संस्कार सहायता के रूप में 5 हजार रूपये की अनुग्रह सहायता राशि दी जाती है। इसके अलावा संबल योजना में महिला श्रमिक को प्रसूति सहायता के लिए 16 हजार रूपये और श्रमिकों के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति उपलब्ध कराई जाती है। योजना में श्रमिक को जन्म से लेकर मृत्यु तक आर्थिक सहायता दी जाती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संकट की घड़ी में सरकार आपके साथ है

असंठित श्रमिकों के लिए संबल योजना के बुधवार को आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कटनी जिले की ग्राम पंचायत विस्तरा निवासी लता सेन से वर्चुअल संवाद किया। लता के पति की पिछले दिनों सड़क दुर्घटना में असमय मृत्यु हो जाने से संबल योजना के तहत 4 लाख रूपये की अनुग्रह सहायता राशि मिली है। मुख्यमंत्री ने लता से उनके परिवार और बच्चों की जानकारी ली। लता ने मुख्यमंत्री को दो बच्चे होने की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने लता से प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना व मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना का लाभ मिलने की जानकारी ली, लता ने बताया कि उन्हें राशन दुकान से बिना किसी समस्या के राशन मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने लता से कहा कि बच्चों की अच्छे से देखभाल करें, बेहतर शिक्षा दें सरकार हर कदम पर संकट की घड़ी पर आपके साथ है।

मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के तहत शिविरों के लिए निगमायुक्त ने जारी किए संशोधित आदेश

कटनी,यशभारत। 13 अक्टूबर मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत आयोजित होने वाले शिविरों में भारत सरकार एवं राज्य सरकार की चिन्हित हितग्राही मूलक योजनाओं में शत प्रतिशत सैचुरेशन के लक्ष्य को प्राप्त कर प्रत्येक पात्र हितग्राहियों को हितग्राही मूलक योजना का लाभ प्रदान के उद्धेश्य से निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा नवीन संशोधित आदेश जारी किए है। नवीन संशोधित आदेशानुसार मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के द्वितीय चरण अंतर्गत अब 21 अक्टूबर 2022 तक वार्डवार पूर्व निर्धारित स्थलों पर ही शिविर का आयोजन किया जाकर नगर के विभिन्न वार्डो में जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जायेगा। इस हेतु निगमायुक्त श्री धाकरे द्वारा शिविर प्रभारी नियुक्त किये जाकर निगम की विभिन्न शाखाओं के अधिकारी कर्मचारियों को दायित्व सौपे है। नवीन संशोधित आदेशानुसार वार्डवार आयोजित होने वाले शिविरों के तहत दिनांक 14 अक्टूबर 2022 को वार्ड क्र. 6 एवं 7 हेतु धन्तीबाई स्कूल भवन, चांडक चौक के पास एवं वार्ड क्रमांक 08 एवं 09 हेतु कनकने स्कूल घंटाघर के पास तथा वार्ड क्र. 25 एवं 26 हेतु पुरवार स्कूल सिविल लाईन मे शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसी तरह दिनांक 17 अक्टूबर को वार्ड क्र. 10 ,11 एवं 12 हेतु सरस्वती स्कूल नई बस्ती, वार्ड क्रमांक 13 एवं 14 हेतु वेंकट स्कूल, खिरहनी ओव्हर ब्रिज के पास तथा वार्ड क्र. 30 एवं 31 हेतु सी.एल.पी पाठक स्कूल भवन में शिविर का आयोजन किया जावेगा। दिनांक 18 अक्टूबर को वार्ड क्र. 15 एवं 16 हेतु खिरहनी प्राथमिक शाला दुर्गा चौक, वार्ड क्र. 32 एवं 33 हेतु कावस जी स्कूल भवन तथा वार्ड क्रमांक 43 एवं 44 हेतु सामुदायिक भवन विश्राम बाबा वार्ड में शिविर का आयोजन किया जायेगा। दिनांक 19 अक्टूबर को वार्ड क्र. 17 एवं 18 हेतु शासकीय तिलक महाविधालय तथा वार्ड क्र 34 एवं 35 हेतु माध्यमिक शाला भवन छपरवाह तथा वार्ड क्रमांक 27, 28 एवं 29 हेतु प्राथमिक शाला भवन मदन मोहन चौबे वार्ड में शिविर का आयोजन किया जावेगा। दिनांक 20 अक्टूबर को वार्ड क्र. 19 एवं 20 हेतु शासकीय स्कूल एस.के.पी, वार्ड क्र. 37 एवं 38 हेतु सरस्वती शिशु बाल मंदिर संजय नगर तथा वार्ड क्रमांक 42 एवं 45 हेतु रॉबर्ट लाईन कन्या शाला में शिविर का आयोजन किया जावेगा। इसी तरह आयोजित होने वाले शिविरों के अंतिम दिवस दिनांक 21 अक्टूबर को वार्ड क. 21 हेतु छात्र संग्राम परिषद स्कूल बाबा घाट, वार्ड क्र. 39, 40 एवं 41 हेतु उप कार्यालय माधव नगर तथा वार्ड क्रमांक 22, 23 एवं 24 हेतु साधूराम उ.मा.शाला में शिविर का आयोजन किया जायेगा। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने अभियान के संबंध मे हितग्राही मूलक योजनाओं मे शत प्रतिशत सैचुरेशन की कार्यवाही करने, प्राप्त आवेदनों का निराकरण कराने हितग्राहियों को लाभ वितरण आदि की रूपरेखा तैयार कराने, स्थानीय जनप्रतिनिधियों को शिविर के आयोजन से अवगत कराने, शिविरों का पर्याप्त प्रचार प्रसार करने सहित निगम की समस्त आवश्यक कार्यवाही निर्धारित समय सीमा मे पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया है।

जेपीवी डीएवी में हुआ डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स मीट का भव्य आयोजन

कटनी,यशभारत। जेपीवीडीएवी पब्लिक स्कूल मैं विगत 12 अक्टूबर को डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स मीट के अंतर्गत विविध खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जोनल लेवल पर हो रही इन प्रतियोगिताओं का आयोजन डीएवी पब्लिक स्कूल बुढार और जेपीवी डीएवी पब्लिक स्कूल कटनी में भव्य आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में विद्यालय चेयरमैन गोकुल दास विश्वकर्मा एमपी डीएवी जोन के प्रबंध निदेशक एस के सिन्हा स्पोर्ट्स जोन के डायरेक्टर एवं डीएवी कैमूर के प्रिंसिपल ए के मिश्रा एवं डीएवी एसीसी की प्राचार्या श्रीमती सुरुचि कटारिया की गरिमामय उपस्थिति रही। इस दौरान बुशु, कराटे, ताइक्कांडो, योगा व जूडो की स्पर्धाएं संपन्न हुई। जेपीवी डीएवी विद्यालय में डीएवी एसीसीए डीएवी पन्ना, डीएवी ज्ञानोदय एवं डीएवी पब्लिक स्कूल कैमूर के लगभग 140 बच्चों ने भाग लिया। इसी प्रकार डीएवी बुढार में चल रही नेशनल स्पोर्ट मीट में लगभग 600 बच्चों ने भाग लिया है। 11 विद्यालयों के बीच संपन्न होने वाली इन प्रतियोगिताओं का आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या में अभिभावकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। जेपीवी डीएवी के व्योम श्रीवास्तव, देव जलोनाए काव्या श्रीवास्तव, सौम्या तिवारी और दिव्यांशु गौतम ने अपनी स्पर्धाओं में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। प्राचार्य एसके सिन्हा ने अपने उद्बोधन में खेलों का महत्व बताते हुए अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाओं को आगे आने के लिए प्रेरित किया चेयरमैन गोकुल दास विश्वकर्मा ने प्रतियोगिताओं के शुभारंभ के लिए आमंत्रण पढ़ा एवं खिलाड़ियों को बधाई देते हुए अपने उद्बोधन में उन्होंने कार्यक्रम के भव्य आयोजन की भूरी भूरी प्रशंसा की एवं विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। इस दौरान सभी विद्यार्थियों और शिक्षक शिक्षिकाओं के लिए दोपहर भोज का भी आयोजन किया गया था। समस्त स्पर्धाओं का सफल संचालन पीटीआई रोहित श्रीवास्तव एवं श्री राजेश मिश्रा के द्वारा किया गया। मंच संचालन श्रीमती जिल्पा अब्राहम ने किया।

SUB - ZONAL MEET
Date - 12 October 2022
Venue - JPV DAV PUBLIC SCHOOL, KATNI

सीसी नाली निर्माण के लिए महापौर ने किया भूमिपूजन

कटनी,यशभारत। वीर सावरकर वार्ड स्थित शंकर मंदिर मार्ग के लोगों के लिए आज खुशी का दिन रहा। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा क्षेत्रीय पार्षद राजेश भास्कर एवं मेयर इन काउन्सिल सदस्य श्रीमती बीना संजू बैनर्जी, अवकाश जायसवाल व वार्ड के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में वार्ड स्थित शंकर मंदिर मार्ग में सपन मुखर्जी के घर से रेल्वे लाईन तक निर्मित होनें वाली सी.सी. नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच किया। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा श्रीफल फोडकर कुदाली चलाई व प्रसाद वितरण किया गया। भूमिपूजन करने पहुंची महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं क्षेत्रीय पार्षद राजेश भास्कर का स्थानीय जनों द्वारा धन्यवाद प्रेषित किया गया। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने बताया कि नगर में विकास कार्यो का सिलसिला निरंतर जारी है। नाली निर्माण हो जानें से क्षेत्रीय रहवासियों को पानी निकासी की बेहतर सुविधा प्राप्त हो सकेगी। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान पार्षद श्याम पंजवानी, पूर्व पार्षद राजू माखीजा क्षेत्रीय उपयंत्री पवन श्रीवास्तव सहित क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक संजू सिंह, राजीव सक्सेना, अनंत अग्रवाल, गजानन पाठक, छोटू वर्मा, दर्शन गुप्ता, गोपाल अग्रहरी, सूर्यभान कुशवाहा, चंद्रभान सोनी, गुलाब गुप्ता, अशोक मिश्रा, विवेक मेहरोत्रा, मनसुख केशरवानी, विनय डेंगरे, आलोक द्विवेदी, राहुल करियार, भोला पांडे, दीपेश मिश्रा, अरविंद अग्रहरि सहित अन्य जनों की उपस्थिति रही।

विद्युत केबिल भूमिगत कराने निगमाध्यक्ष ने लिखा पत्र

कटनी,यशभारत। नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक नें शहर के मुख्य जुलूस मार्ग में अव्यवस्थित रूप से फैली विद्युत केबल को नियमानुसार भूमिगत कराने की कार्यवाही हेतु निगमायुक्त श्री सत्येन्द्र सिंह धाकरे को पत्र प्रेषित किया है। निगम अध्यक्ष नें पत्र में उल्लेख किया है कि शहर का मुख्य जुलूस मार्ग कटनी रेल्वे स्टेशन से सुभाष चौक होते हुये आजाद चौक निर्धारित है, उक्त जुलूस मार्ग से ही विभिन्न पर्वो के दौरान जुलूस एवं प्रतिमाओं का आना जाना होता है। नगर के जुलूस मार्ग पर स्थापित विद्युत खंभो मे कई तरह के तारों का जाल अव्यवस्थित रूप से बिछे होनें एवं कई स्थलों पर तारें काफी नीचे होने के कारण श्रद्धालुओं को प्रतिमाओं के विसर्जन एवं जुलूस आदि के दौरान काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है, साथ ही दुर्धटनाओं की संभावना बनी रहती है। निगमाध्यक्ष मनीष पाठक ने नगर की सुंदरता एवं सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए उपरोक्त समस्या पर विचार करते हुए विद्युत केबिल को भूमिगत करने हेतु नियमानुसार समुचित समाधान करने की मांग की है।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए विशेष शिविर का आयोजन

कटनी,यशभारत। शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी मे संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा प्राचार्य डॉ एस के खरे मार्गदर्शन, जिला संगठन डॉक्टर आर पी सिंह के नेतृत्व में चुनाव आयोग द्वारा 18 वर्ष की उम्र पूर्ण कर चुके अधिक से अधिक युवाओं का मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए 10 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक चल रहे अभियान को सफल बनाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ.आर पी सिंह के द्वारा उपस्थित विद्यार्थियो को बताया गया कि भारत का कोई भी नागरिक जिसकी 1 जनवरी को उम्र 18 वर्ष या इससे अधिक हो, मतदान करने के लिए अपना पंजीकरण करवा सकते हैं, क्योंकि लोकतांत्रिक और निर्वाचन प्रक्रियाओं में मतदाताओं की सहभागिता किसी भी लोकतंत्र के सफल संचालन के लिए अनिवार्य है। इस कार्यक्रम मे कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ माधुरी गर्ग, एनसीसी अधिकारी डॉक्टर सरदार दिवाकर ,अतुल कुमार आदि उपस्थित रहे।

राजमाता ने संपूर्ण जीवन संगठन को मजबूत करने के साथ भाजपा के प्रति लोगों का विश्वास मजबूत किया

भाजपा जिला कार्यालय में मनाई राजमाता विजयाराजे सिंधिया की जयंती

कटनी,यशभारत। भारतीय जनता पार्टी की संस्थापक सदस्यों में से एक रहीं कैलाशवासी राजमाता विजयाराजे सिंधिया की 103वीं जयंती भाजपा जिला कार्यालय परिसर में भाजपाजनों ने मनाई। इस अवसर पर दिनभर कार्यकर्ताओं ने जिला कार्यालय पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित की। राजमाता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन ने कहा कि राजमाता विजयाराजे सिंधिया भाजपा की संस्थापकों में से एक थी उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन संगठन को मजबूत करने के साथ भाजपा के प्रति लोगों का विश्वास मजबूत किया वो नारी शक्ति की अद्वितीय मिसाल थी। सभी कार्यकर्ता राज माता सिंधिया के विचारों व सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाएं व अनुसरण करने का संदेश दिया। इस अवसर पर श्रीमती अलका जैन, रामरतन पायल, सुरेश सोनी, मृदुल द्विवेदी, शिवम शर्मा, सत्यनारायण अग्रहरी, कार्यालय मंत्री अम्बरीश वर्मा, यज्ञदत्त मिश्रा, मनीष दुबे, रवि खरे, रणवीर कर्ण, सचिन तिवारी, दीपक तिवारी, मयंक गुप्ता, प्रदीप साहू, सौरभ अग्रवाल, अनुराग त्रिसोलिया, सोनू बहरे, राजा सोनी, मंगल तिवारी अक्षय श्रीवास्तव, आशु पटवा, रूपक कोहली, अजय माली आदि उपस्थित रहे।

नशे के अवैध कारोबार को करें ध्वस्त-कलेक्टर

अपराधियों पर करें सख्त कार्रवाई- पुलिस अधीक्षक

कटनी,यशभारत। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने बुधवार को पुलिस कंट्रोल रूप में पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक में कानून व्यवस्था की समीक्षा की। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन की मौजूदगी में आयोजित बैठक में जघन्य एवं सनसनीखेज अपराध, मिलावट से मुक्ति, नशामुक्ति अभियान, भू-माफिया, खनिज एवं रेत माफिया, शराब माफिया के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिये।

पुलिस कंट्रोल रूम
जिला - कटनी

कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि नशे के जहर से समाज को बचाने के लिए नशे के अवैध कारोबार की जड़ पर प्रहार जरूरी है। ऐसे अपराधियों को ध्वस्त करें। खुले में शराब पीने, शराब पीकर हुडदंग करने और वाहन चलाने और यातायात नियमों का पालन नही करने वाल पर सख्त कार्यवाही सुनिश्चित करें। जघन्य अपराधियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाये ताकि अपराधी दुस्साहस न कर सके। अपराधों पर अंकुश लगे, अपराधी को सजा मिले, पीड़ित को न्याय मिले और समाज के हर वर्ग सहित आम जन गरीब एवं कमजोर स्वयं को सुरक्षित महसूस करें। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि नशे के अवैध कारोबार में लिप्त और सार्वजनिक स्थलों पर शराबखोरी के हॉट-स्पॉट को चिन्हित किया जाय। इसके लिए इंटेलिजेंस व्यवस्था को बेहतर बनायें।

श्री मिश्रा ने कहा कि बेहतर निगरानी व कारगर सूचना तंत्र विकसित करें ताकि इन गतिविधियों की पतासाजी कर ठोस कार्यवाही की जा सके। बैठक में पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन ने बताया कि नशा से संबंधित कोई भी व्यक्ति मोबाईल नंबर 7587615946 पर सूचना दे सकता है। सूचना और जानकारी देने वाले व्यक्ति का नाम व पता गोपनीय रखा जायेगा। इस नंबर पर मैसेज या कॉल करके जानकारी दी जा सकती है। यह मोबाईल नंबर 24 घण्टे सातो दिन चालू रहेगा। कंट्रोल रूप का प्रभारी पूजा उपाध्याय को बनाया गया है। पुलिस अधीक्षक श्री जैन ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सूचना मिलते ही नशे के विरूद्ध त्वरित और ठोस कार्यवाही सुनिश्चत करें। कलेक्टर श्री मिश्रा ने नाबालिक वाहन चालकों, हेलमेट बिना लगायो वाहन चलाने वाले वाहन चालकों, झोलाछाप डॉक्टरों, अवैध खजिन के उत्खनन और परिवहन में लिप्त लोगों के विरूद्ध अभियान चलाकार सख्त कार्यवाही की हिदायत दी। कलेक्टर ने अवैध रूप से हाईवे और अन्य स्थानों पर संचालित होटल व ढाबों के विरूद्ध भी मुहिम चलाने की हिदायत दी। बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने हाल ही में संचालित नशामुक्ति और हेलमेट चेकिंग अभियान के लिए पुलिस अधीक्षक सहित पूरे पुलिस महकमे को बधाई दी। उन्होंने त्योहारों के दौरान पुलिस सजगता और सतर्कता तथा कार्यपालिक दंडाधिकारियों द्वारा कानून व्यवस्था के बेहतर इंतजाम सहित नगर निगम के कार्य की भी सराहना की। बैठक में अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो सहित सभी एसडीएम और सी.एस.पी., तहसीलदार, नायब तहसीलदार और पुलिस निरीक्षक मौजूद रहे।

न्यूनतम मूल्य में पाएं
अधिकतम लाभ
यश भारत
कलर क्लासीफाइड

☛ 1 दिन	–	150/–
☛ 3 दिन	–	250/–
☛ 7 दिन	–	500/–
☛ 15 दिन	–	1200/–
☛ 30 दिन	–	1800/–

साईज– 5x1
आवश्यकता, खरीदना–बेचना
अपने व्यापार को बढ़ावा दें
बुकिंग हेतु संपर्क करें
यश भारत
कचहरी चौक, कटनी
फोन:– 07622–230033
Email :- katni@yashbharat.com

टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में ऐसा कारनामा करने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं विराट कोहली

टी20 क्रिकेट में यह तीनों खिलाड़ी जिस तरह परफॉर्म कर रहे हैं उसे देखते हुए आगामी टी20 वर्ल्ड कप में इनके बीच नंबर 1 बनने को लेकर रोमांचक जंग देखने को मिलेगी।

नईदिल्ली एजेंसी। टी20 वर्ल्ड कप 2022 का आगाज होने में अब महज कुछ ही दिन का समय रह गया है। दो सालों में लगातार दो टी20 वर्ल्ड कप देखने के लिए फैंस भी काफी उत्साहित हैं। आईसीसी के इस मेगा इवेंट का पिछला संस्करण दुबई में 2021 में खेला गया था जहां फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को हराकर पहली बार खिताब पर कब्जा किया था। इस साल कंगारू टीम अपने ही घर खिताब को बचाने उतरेगी। टी20 वर्ल्ड कप के पिछले एडिशन में ऑस्ट्रेलिया के लिए सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर हीरो रहे थे। उन्होंने लाजवाब प्रदर्शन करते हुए 289 रन बनाए थे। वह सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में दूसरे पायदान पर रहे थे। ऑस्ट्रेलिया की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले इस खिलाड़ी को मैन ऑफ द टूर्नामेंट के अवॉर्ड से नवाजा गया था। 6 वर्ल्ड कप खेल चुके वॉर्नर का यह पहला खिताब था। क्या आप जानते हैं कि टी20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा मैन ऑफ द टूर्नामेंट का अवॉर्ड जीतने का रिकॉर्ड किसके नाम है?

अगर नहीं तो आज हम आपको बताते हैं

टी20 वर्ल्ड कप का पहला संस्करण 2007 में खेला गया था, जहां महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई में युवा भारतीय टीम ने तिरंगा लहराया था। भारत की जीत के बावजूद मैन ऑफ द टूर्नामेंट का अवॉर्ड पाकिस्तान के हरफनमौला शाहिद अफरीदी ले गए थे। आरपी सिंह (12) ने उस टूर्नामेंट में अफरीदी के बराबर विकेट चटकाए थे, वहीं गौतम गंभीर (227) सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे पायदान पर थे। इसके बाद 2009 टी20 वर्ल्ड कप में श्रीलंका के तिलकरत्ने दिलशान, 2010 में इंग्लैंड के केविन पीटरसन और 2012 में शेन वॉटसन ने यह खिताब जीता। लगातार 4 वर्ल्ड कप में 4 अलग अलग खिलाड़ी मैन ऑफ द टूर्नामेंट बने थे, मगर इसके बाद विराट कोहली ने लगातार दो बार यह खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। विराट कोहली को 2014 और 2016 टी20 वर्ल्ड कप के दौरान मैन ऑफ द टूर्नामेंट के अवॉर्ड से नवाजा गया था। 2014 में किंग कोहली 319 रनों के साथ टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे थे, वहीं 2016 में वह 273 रनों के साथ दूसरे पायदान पर थे। हालांकि दोनों ही बार भारत वर्ल्ड कप जीत नहीं पाया था। 2014 में भारत को फाइनल में श्रीलंका ने हराया था, वहीं 2016 में भारत सेमीफाइनल में हारकर बाहर हुआ था। टी20 वर्ल्ड कप 2022 से पहले विराट कोहली एक बार फिर अपनी पूरानी लय में लौट चुके हैं, ऐसे में इस साल भी उनसे आईसीसी के इस मेगा इवेंट में शानदार प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी।

हरभजन सिंह की शिकायत के बाद पीसी प्रमुख चहल ने दिया इस्तीफा

नई दिल्ली, ईएमएस । पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह के पंजाब क्रिकेट संघ (पीसीए) में गैर कानूनी गतिविधियों के आरोप लगाने के कुछ दिन बाद गुलजार इंदर सिंह चहल ने गुरुवार को इस क्रिकेट संस्था के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। मई में पदभार संभालने वाले चहल ने पीटीआई से पुष्टि की कि उन्होंने अपना पद छोड़ दिया है।इस महीने के शुरू में हरभजन सिंह ने पीसीए में गड़बड़ी का आरोप लगाया था। हरभजन पीसीए के मुख्य सलाहकार भी हैं। हरभजन ने अपने पत्र में हालांकि किसी पदाधिकारी का नाम नहीं लिखा था। उन्होंने यह पत्र पीसीए सदस्यों और जिला इकाइयों को भेजा था।हरभजन ने चहल की गैर कानूनी गतिविधियों को लेकर सदस्यों और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवत मान को भी पत्र लिखा था। हरभजन ने पीटीआई से कहा, च्ज्मुझे यकीन था कि अगर पीसीए में किसी तरह का भ्रष्टाचार या कुशासन होता है तो मैं उसे सहन नहीं करूंगा। मेरे सामने किसी तरह का भ्रष्टाचार नहीं होना चाहिए।

पूर्व बॉलिंग कोच ने उठाए भारत की टी20 वर्ल्ड कप स्क्वॉड पर सवाल

नई दिल्ली,एजेंसी। टी20 वर्ल्ड कप 2022 शुरू होने में अब महज कुछ ही दिन का समय रह गया है। ऐसे में हर किसी की निगाहें रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम पर रहेगी। भारतीय फैंस चाहेंगे कि रोहित 15 साल का सूखा खत्म कर एक बार फिर घर टी20 का यह खिताब लेकर आएं। मगर टूर्नामेंट के शुरू होने से पहले भारतीय टीम को काफी झटके लगे हैं। स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा चोट के चलते टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले पाए, वहीं रिजर्व खिलाड़ियों में मौजूद दीपक चाहर ने भी ऑस्ट्रेलिया के लिए उड़ान नहीं भरी। ऐसे में टीम इंडिया अभी 14 खिलाड़ियों के साथ ही ऑस्ट्रेलिया में है, बुमराह के रिप्लेसमेंट का ऐलान अभी तक बीसीसीआई ने नहीं किया है। वर्ल्ड कप से पहले क्रिकेट पंडित भारतीय स्क्वॉड की विश्लेषण करते नजर आ रहे हैं। इस बीच भारतीय पूर्व कोच भरत अरुण का बड़ा बयान आया है। उनका कहना है कि ऑस्ट्रेलिया में भारत तीन स्पिनर लेकर जा रहा है जो काफी अधिक है। यहां टीम इंडिया एक कम स्पिनर खिलाकर उमरान मलिक को चुन सकता था। डब्ल्यूवी रमन के टॉक शो च्वेडनेस डे विद डब्ल्यूवीज्ज पर भरत अरुण ने कहा च्उमरान मलिक रोमांचक हैं, उनके पास गति है। आईपीएल में देखा गया है कि अगर उन्हें सही फील्ड मिलती है तो वह काफी अच्छा कर सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया में विकेटों को देखते हुए मुझे लगता है कि भारत ने बहुत अधिक स्पिनरों का चयन किया है। उमरान मलिक जैसा कोई खिलाड़ी टीम के लिए बहुत अच्छा होता। भारत के वर्ल्ड कप स्क्वॉड में स्पिन डिपार्टमेंट में युजवेंद्र चहल, आर अश्विन और अक्षर पटेल शामिल हैं। अक्षर ने हाल ही में जडेजा के बाहर होने के बाद टीम में जगह बनाई है।उन्होंने आगे कहा च्हां, ऑस्ट्रेलिया के मैदान बड़े होते हैं, पिच पर बाउंस होती है ऐसे में स्पिनर्स महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं, लेकिन मुझे लगता है कि तीन स्पिनर काफी अधिक है। ऐसा इसलिए क्योंकि आप किसी भी समय प्लेइंग इलेवन एक स्पिनर के साथ खेल रहे होंगे और आपके पास टीम में दो स्पिनरों का विकल्प होगा। तीन स्पिनर बहुत अधिक हैं। इसलिए मैंने कहा कि एक स्पिनर के बजाय उमरान मलिक बहुत ही समझदारी भरा कदम होता।

जाह्नवी कपूर की मिली मलयालम फिल्म की रीमेक

ड्रीम गर्ल-2 के लिए किससे इंस्पायर हुए आयुष्मान खुराना

मुंबई ,ईएमएस। बॉलीवुड की सिजलिंग एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर के फैन्स खुश हैं, क्योंकि वो जल्दी ही उन्हें बड़े पर्दे पर देख पाएंगे। गुड लक जैरी के बाद जाह्नवी कपूर अब फिल्म मिली में नजर आएंगी। जिसका टीजर हाल ही में रिलीज हुआ। टीजर ने फैन्स को एक्साइटिड कर दिया है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि ये एक साउथ इंडियन फिल्म की रीमेक है। वहीं दूसरी ओर आयुष्मान खुराना एक ओर जहां डॉक्टर जी के लिए चर्चा में हैं तो दूसरी ओर वो फिल्म ड्रीम गर्ल 2 को लेकर भी सुर्खियां बटोर रहे हैं। इस बीच आयुष्मान ने बताया है कि फिल्म के लिए उन्हें किसने इंस्पायर किया। बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म मिली का टीजर हाल ही में रिलीज किया गया था, जिसे दर्शको ने पसंद किया है। सत्यघटित घटना पर आधारित इस थ्रिलर फिल्म का टीजर पूरी तरह जाह्नवी कपूर पर फिल्माया गया है, जिसमें वह माइनस 16 डिग्री तापमान में सर्वाइव करने के लिए संघर्ष कर रही हैं। टीजर में दिखाया गया है कि मिली एक फीजर के अंदर फंस गई है। उसका चेहरा अंदर के माइनस डिग्री तापमान के कारण लाल प? चुका है। किसी तरह ?िंदा रहने के लिए मिली अपने हाथ आपस में रग? रही है। बता दें कि चमिलीज्वर्ष 2019 में प्रदर्शित मलयालम फिल्म च्हेलनज्की आधिकारिक हिंदी रीमेक है, जिसे ओरिजिनल फिल्म के निर्देशक मुत्थुकुट्टी ?ेवियर ने ही निर्देशित किया है। मिली का स्क्रीनप्ले रितेश शाह ने लिखा है। जाह्नवी कपूर के पिता बोनी कपूर इस फिल्म के प्रोड्यूसर हैं। यह फिल्म 4 नवम्बर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

आयुष्मान ने फिल्म ड्रीम गर्ल-2 के लिए किशोर कुमार से ली प्रेरणा

बॉलीवुड स्टार आयुष्मान खुराना अपनी फिल्मों के चलते अक्सर चर्चा में रहते हैं और उनकी फिल्म बिल्कुल अलग तरह के विषय पर होती हैं। आयुष्मान खुराना अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म च्ड्रीम गर्लज्की सीक्वल में जल्दी ही नजर आएंगे, फिल्म का आधिकारिक ऐलान कुछ वक्त पहले कर दिया गया था। इस बीच उन्होंने दिवंगत अभिनेता और सिंगर किशोर कुमार को लेकर कुछ ऐसा कह दिया है जो कि चर्चा में चल रहा है। दरअसल बीते दिन किशोर कुमार की पुण्यतिथि थी और इस मौके पर आयुष्मान ने एक बड़ा खुलासा किया कि उन्होंने फिल्म च्ड्रीम गर्ल 2ज्में उनसे कैसे प्रेरणा ली है? अभिनेता ने कहा, च्नायक किशोर कुमार बहु-प्रतिभाशाली थे और एक कलाकार के रूप में, मैं हर मोड़ पर उनसे प्रेरणा लेता हूं। वह मेरे गुरु रहे हैं और उनका काम मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। जब से मैं च्ड्रीम गर्ल 2ज्की शूटिंग कर रहा हूं, मैं किशोर दा का अद्भुत ट्रैक च्आके सीधी लगी दिल पेज्लूप पर सुन रहा हूं। उनकी आवाज जादुई थी और उन्होंने इस गाने के लिए महिला और पुरुष दोनों आवाजों को सहजता से प्रस्तुत किया है।

सलमान ने बिग बॉस को दिलचस्प बनाने की सलाह दी

मुंबई ,ईएमएस। सुपरस्टार सलमान खान को पहले वीकेंड का वार एपिसोड के दौरान बिग बॉस 16 के प्रतियोगियों को चुनौती देते हुए देखा गया। उन्होंने सभी को अपना असली पक्ष दिखाने और खेल को दिलचस्प बनाने की सलाह दी। अभिनेता अंकित गुप्ता की ओर इशारा कर उन्होंने उन्हें खेल में दिखाई देने और मुखर होने के लिए कहा है। जबकि अंकित ने खुद को सही ठहराने की कोशिश की कि उन्हें खुलने में समय लगता है, सलमान ने उनसे कहा, आपके पास सीमित समय है। वास्तव में बिग बॉस के कई प्रशंसकों और उनके सह-प्रतियोगियों ने यह भी बताया कि वह शांत हैं और उनका खेल वैसा ही है जैसा पिछले सीजन में सिंबा नागपाल खेला करता था। इस बीच, होस्ट ने प्रियंका चाहर चौधरी को भी एक सलाह दी, जो अंकित की उदारियां की सह-अभिनेता भी हैं और उन्होंने बिग बॉस 16 में सबसे अच्छे दोस्त के रूप में प्रवेश किया कि वे दोनों अपनी दोस्ती का आकर्षण खो रहे हैं और उन्होंने प्रियंका से कहा, अंकित के साथ आपकी केमिस्ट्री इतिहास बन गई है। उन्होंने उन्हें इस वापस लाने के लिए कहा ताकि उनके खेल को दिलचस्प बनाया जा सके। प्रियंका ने जवाब दिया कि अंकित को और अधिक अभिव्यंजक होने की जरूरत है और उसकी खामोशी ने अक्सर उनकी दोस्ती में समस्याएं पैदा की हैं।

जंगल आपकी परीक्षा भी लेतें हैं : अभिनेत्री सदा

मुंबई ,ईएमएस। वन्यजीव फोटोग्राफर बन चुकीं अभिनेत्री सदा ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर एक युवा बाघिन जुगनी की तस्वीरें क्लिक करते हुए एक वीडियो साझा किया है। उन्होंने लिखा, जब जुगनी पीक-ए-बू मूड में है .. मुझे बाद में पता चला कि जुगनी मेरी सबसे प्यारी बाघिन मातरम की पोती है। उन्होंने फिर अपने कैप्शन में उल्लेख किया, जंगल आपको धैर्य सिखाते हैं और परीक्षा भी लेते हैं। जंगलों में जंगली जानवरों का कानून चलता है और उनकी इच्छा का हम सम्मान करते हैं और खुशी से ऐसा करते हैं। वह थाईलैंड में कैद जानवरों के बारे में एक दुखद तस्वीर पेश करती है, मैं उन सभी सेलेब्स / इंफ्लूएंसर्स का जिक्र कर रही हूं जो थाईलैंड टाइगर पार्कों में घूम रहे हैं, जो बेहोश और शोषित बाघों (एसआईसी) के साथ बहादुर दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, वीडियो हाथ से शूट किया गया था, कृपया हिलते हुए वीडियो के लिए क्षमा करें। यहां बीन बैग का उपयोग करने की कोई गुंजाइश नहीं थी।उन्होंने आगे कहा, वे या तो अपनी पूरी महिमा में दिखाई देते हैं या आपको सिर्फ एक झलक देने के लिए घंटों इंतजार कराते रहते हैं।

बनने की जंग पर मोहम्मद रिजवान के बाद बोले बाबर आजम

सूर्यकुमार यादव के साथ ICC टी20 रैंकिंग में चल रही नंबर 1

नई दिल्ली, एजेंसी। पिछले कुछ महीनों में पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज और कप्तान मोहम्मद रिजवान व बाबर आजम को एक भारतीय बल्लेबाज आईसीसी रैंकिंग में खूब टक्कर दे रहा है। यह खिलाड़ी और कोई नहीं बल्कि भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव है। सूर्यकुमार इस समय लाजवाब फॉर्म में है और वह मौजूदा आईसीसी टी20 रैंकिंग में 838 रेटिंग्स के साथ दूसरे पायदान पर है। इस सूची में मोहम्मद रिजवान 853 रेटिंग्स के साथ पहले तो बाबर आजम 808 रेटिंग्स के साथ तीसरे पायदान पर हैं। सूर्यकुमार यादव के साथ आईसीसी टी20 रैंकिंग में चल रही इस रोमांचक जंग पर अब पाकिस्तानी कप्तान बाबर आजम ने बयान दिया है। बाबर का कहना है कि रैंकिंग में नंबर 1 बनना जरूर खिलाड़ी का आत्मविश्वास बढ़ाता है, मगर टीम को जीताना ज्यादा जरूरी है।न्यूजीलैंड में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बाबर आजम ने कहा च्देखिए मैं एक व्यक्तिगत रूप से बात नहीं कर सकता और बात करना भी नहीं चाहता क्योंकि टीम पहले आती है। कोशिश यही रहती है कि टीम को पहले जीताया जाए। रैंकिंग आपको हमेशा कॉन्फिडेंस देती है। आप जब टॉप मैं आते हैं वो एक सपना होता है और जब वो आप हासिल करते हैं तो वो एक राहत मिलता है। पाकिस्तान कप्तान से पहले मोहम्मद रिजवान ने भी इस मुद्दे पर अपनी राय रखी थी, इस दौरान उन्होंने सूर्यकुमार यादव की भी काफी तारीफ की थी।रिजवान ने कहा था च्अच्छे खिलाड़ी हैं सूर्यकुमार यादव। जिस तरह से वो खेलते हैं, मुझे बहुत पसंद है। मगर जहां तक चीज वह और विभिन्न तारिक से देखा जाए क्योंकि मध्य क्रम और शीर्ष क्रम मुक्तालिफ चीज हैं। कभी नंबर 1 के लिए सोचा नहीं है जो मांग वह पाकिस्तान की वो पुरा करने की कोशिश कर रहा है। नंबर 1 या मैन ऑफ द मैच, ऐसे कुछ चीज हैं जो नकारात्मकता में ले जाती हैं। पर मैं सोचा नहीं हूं।

कटरीना कैफ ने विकी कौशल के साथ मनाया पहला करवा चौथ

साथ में सास-ससुर भी आए नजर

मुंबई ईएमएस। करवा चौथ को लेकर बॉलीवुड सेलेब्स की तस्वीरें सुबह से छाई हुई हैं। कई सेलिब्रिटी कपल के लिए यह पहला करवा चौथ है। उनमें से कटरीना कैफ और विकी कौशल भी हैं। इस खास मौके पर पूरा परिवार एक साथ जुटा। विकी कौशल के माता-पिता भी उनके साथ थे। कटरीना ने कई तस्वीरें शेयर की हैं और करवा चौथ सेलिब्रेशन की झलक दिखाई है। विकी और कटरीना बालकनी पर खड़े हैं। उनके पीछे निकला चांद देखा जा सकता है। दोनों ने तस्वीरों के साथ सभी को त्योहार की बधाई दी।कटरीना ने चार फोटोज पोस्ट कीं। पहली फोटो में विकी सेल्फी ले रहे हैं उनके साथ कटरीना खड़ी हैं। दूसरी फोटो में विकी के माता-पिता भी हैं। तीसरी फोटो में कपल पोज दे रहा है। आखिरी फोटो में कटरीना पूजा की थाली पकड़ी है और सिर झुकाए हुए हैं। उन्होंने इसके साथ कैप्शन में लिखा- 'पहला करवा चौथ।

इंडियन आउटफिट में कपल

लुक्स की बात करें तो कटरीना ने पिंक कलर की साड़ी पहनी है जिस पर गोल्डन वर्क है। इसके साथ उन्होंने लाइट प्रिंटेड ब्लाउज कैरी किया। उन्होंने हाथों में चूड़ा और गले में मंगलसूत्र पहना है। साथ ही सिंदूर लगाया है।

फैन्स लुक्स की कर रहे तारीफ

कटरीना के इस पोस्ट पर मिनी माथुर ने लिखा- 'बहुत ही प्यारी।' एक्ट्रेस शरवरी ने हार्ट का इमोजी बनाया। कटरीना के एक फैन ने लिखा, 'पहले करवा चौथ की बधाई हो।' एक ने कहा, 'भारतीय अटायर में आप और भी खूबसूरत लगती हैं।'

पाइपलाइन में कई फिल्में

कटरीना के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी आने वाली फिल्म निर्देशक श्रीराम राघवन के साथ 'मैरी क्रिसमस' है। इसके अलावा उनके पास 'टाइगर 3' और 'जी ले जरा' है। विकी की आने वाली फिल्म 'सैम बहादुर', 'गोविंदा नाम तेरा', 'ग्रेट इंडियन फैमिली' और लक्ष्मण उतरेकर की फिल्म है जिसका नाम तय नहीं है।

अनिल कपूर के घर करवा चौथ सेलिब्रेशन, सज-धजकर पहुंचीं शिल्पा शेट्टी-रवीना टंडन

मुंबई ,एजेंसी। करवा चौथ का त्योहार शादीशुदा महिलाओं के लिए खास दिन होता है। अनिल कपूर की पत्नी सुनीता कपूर ने हर साल की तरह इस साल भी करवा चौथ पर भव्य आयोजन किया। बॉलीवुड की शादीशुदा हीरोइनें उनके घर पहुंचीं। शाम से ही अनिल कपूर के घर सितारों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। रवीना टंडन, शिल्पा शेट्टी सहित अन्य लोग ट्रेडिशनल आउटफिट में इस सेलिब्रेशन में शामिल हुए। बॉलीवुड सेलिब्रिटीज ने अपने सोशल मीडिया पेज पर इस आयोजन की तस्वीरें शेयर की हैं।

सुनीता कपूर को बताया बेस्ट होस्ट- शिल्पा शेट्टी ने इंस्टा स्टोरी पर सभी के साथ एक ग्रुप फोटो शेयर की। सभी कैमरे की ओर देखते हुए पोज दे रहे हैं। शिल्पा ने इसके साथ कैप्शन दिया, 'द करवाचौथ, गर्ल गैंग।' एक अन्य फोटो में वो सुनीता कपूर के साथ बैठी हुई हैं। शिल्पा ने सुनीता को बेस्ट होस्ट बताया। इस मौके पर शिल्पा ने लाल रंग की साड़ी का लुक देता हुआ लहंगा पहना हुआ है जिसके साथ उन्होंने स्लीवलेस ब्लाउज कैरी किया।

पहुंचे ये सेलेब्स - सुनीता कपूर के घर करवा चौथ पर शिल्पा शेट्टी, रवीना टंडन, वरुण धवन की पत्नी नताशा दलाल, महीप कपूर, फराह खान, नीलम और पद्मिनी कोल्हापुरे सहित अन्य सेलेब्स पहुंचे।

रवीना के साथ दिखीं शिल्पा- रवीना टंडन ने भी ग्रुप फोटोज शेयर की हैं। रवीना ने कैप्शन में लिखा, 'ज्यादातर समय हम सभी कड़ी मेहनत करते हैं और जीवन खत्म हो जाता है, समय उड़ जाता है, लेकिन त्योहारों का मौसम होता है जब आप एंजॉय करते हैं... जियो और जीने दो, प्यार करो, हंसो, हर रोज जश्न मनाओ... यही हम सब के बारे में हैं... धन्यवाद मेरे बच्चों हमेशा कमाल के होस्ट होने के लिए।'

कटनी का नम्बर 1 अखबार यश भारत सफलता के 15 वर्ष पूर्ण
सिटी न्यूज
www.yashbharat.com
कटनी, शुक्रवार 14 अक्टूबर 2022
फोन- 230033
यश भारत नये ज़माने के साथ...

दुर्घटना में महिला की मौत

कटनी, यशभारत। स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम तेवरी जबलपुर रोड में हादसे में चोट लगने से महिला की मौत हो गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शिवनगर कुठला निवासी 49 वर्षीय अनीता साहू पति रामकिशोर साहू की सड़क दुर्घटना में सिर में चोट लगने के कारण इलाज दौरान मौत हो गई है। पुलिस ने शव परीक्षण कर मामले को जांच में लिया है।

वरणगांव निर्माणी गए ट्रक की केबिन में बिना सील मिली एके-47 मटेरियल की 6 बोरियां

कटनी से लेकर वरणगांव निर्माणी तक मचा हड़कंप, दो कर्मचारियों के निलंबन की खबर

कटनी, यशभारत। यंत्र इंडिया लिमिटेड के नाम से जानी जाने वाली आयुध निर्माणी कटनी में एके-47 मटेरियल खुर्दबुर्द करने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले को लेकर निर्माणी प्रबंधन से लेकर कर्मचारियों तक में काफी हलचल मची हुई है। आरोप है कि एके-47 मटेरियल के खुर्दबुर्द होने का कहीं न कहीं नक्सली कनेक्शन तो नहीं है। मामला देश की सुरक्षा व्यवस्था से जुड़ा हुआ है, संदेह के घेरे में पुन: निर्माणी के इस मामले से जुड़े अधिकारी कर्मचारी हैं। निर्माणी प्रबंधन की सोच स्पष्ट है तो उसकी मजबूरी भी है। गैस सिलेंडर काट कर उसके अंदर पीतल की प्लेट भरकर फिर पूरी सफाई के साथ निर्माणी के बाहर करने व टैंकर में तांबा चोरी करने के मामले के बाद अब एके-47 बुलेट के कप चोरी करने संबंधी इस नए मामले ने निर्माणी प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगा दिया है।

बहरहाल इस संबंध में निर्माणी की सभी यूनियंस ने निर्माणी प्रबंधन को पत्र सौंपकर जांच एवं कार्रवाई की मांग की है। निर्माणी प्रबंधन को दिए गए पत्र की प्रतियां यशभारत को उपलब्ध कराते हुए निर्माणी यूनियंस के पदाधिकारियों ने बताया कि यंत्र इंडिया लिमिटेड (आयुध निर्माणी कटनी) से वरणगांव महाराष्ट्र आयुध फैक्ट्री के लिए हमेशा की तरह कप भेजे गए थे। यहां वरणगांव के लिए जब भी कप भेजे गए तो परिवहन करने वाले वाहन वही ड्राइवर, वही स्टाफ एवं वही प्राइवेट ट्रक का इस्तेमाल किया गया। बहरहाल ताजा मामला अक्टूबर 2022 के पहले हफ्ते का है। सूत्र बताते हैं कि वरणगांव में इन कपों से एके-47 बनाए जाते हैं। कटनी निर्माणी से जिस ट्रक में यह कप वरणगांव फैक्ट्री के लिए भेजे गए थे। उसी ट्रक ड्राइवर के ऊपर की केबिन में कप की 6 बोरियां पाई गई, यह बोरियां बिना सील की हुई थीं। बिना सील की गई बोरियां ट्रक के केबिन में वरणगांव फैक्ट्री में डीएससी की टुकड़ी और कर्नल ने पकड़ लिया। अब यही पेंच फंस गया कि ट्रक के केबिन में एके-47 के कप की बोरियां किस ध्येय से रखी गई थीं। इस मामले में वरणगांव के कर्नल में तुरंत आयुध निर्माणी कटनी के कर्नल को अपनी आपत्ति दर्ज कराते हुए सूचित किया। आनन-फानन में ऐसे अनर्गल मामलों में जीरो टोलरेंस रखने वाले कटनी प्रबंधन ने एके-47 कप मामले से जुड़े अधिकारियों को वरणगांव फैक्ट्री के लिए रवाना किया। इस पूरे घटनाक्रम के बीच मामले की सूचना जब आयुध निर्माणी कटनी की यूनियनों को लगी तो सभी यूनियनों ने पत्र सौंपकर जांच और कार्रवाई की मांग की है। सूत्र बताते हैं कि इस बीच इस मामले में एक दरबान सहित ट्रक के साथ गए स्टाफ को प्रबंधन ने निलंबित कर दिया है। इसी क्रम में वरणगांव के लिए जांच कराने गया कटनी के अधिकारियों का दल और ट्रक के साथ गया स्टाफ कटनी वापस लौट आए हैं। निर्माणी प्रबंधन मामले को लेकर बेहद संजीदा है जबकि मामले से संबद्ध स्टॉफ की पूरी कोशिश मामले को दबाने की है। सूत्रों की माने तो संजीदगी से जांच होने पर पिछले लंबे समय से जारी ऐसी ही कई और भर्रेशाही का खुलासा हो सकता है। दबी जुबान से ही सही इस मामले में संबंध तमाम अधिकारियों की संलिप्तता है। ऐसी चर्चा दूसरे अधिकारियों एवं कर्मचारियों में अब आम है कि एक ही स्थान में लंबे समय से पदस्थ मटेरियल की रखवाली के जिम्मेदार ही दरअसल उसे खुर्दबुर्द करने में लगे हैं। दूसरी तरफ यूनियनों ने इस मामले में नक्सलियों के एंगिल होने की आशंका जाहिर की है। निर्माणी की विभिन्न यूनियन के पदाधिकारियों ने निर्माणी महाप्रबंधक को दिए पत्र में निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। वहीं वरणगांव निर्माणी के कर्नल की तरफ से इस मामले की सूचना केंद्रीय गृह मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय एवं अन्य जांच एजेंसियों को भी दी गई है, ऐसी जन चर्चा है।

निर्माणी की विभिन्न यूनियन ने महाप्रबंधक को पत्र लिखकर की जांच व प्रभावी कार्रवाई की मांग

सख्त कार्रवाई के मूड में प्रबंधन

ऊधर इस मामले को लेकर निर्माणी सूत्रों का दावा है कि पूरे मामले को निर्माणी प्रबंधन ने गंभीरता से लिया है तथा पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जा रही है। जांच के बाद दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

शहर के कई नामी लोग लगाते थे क्रिकेट सट्टे में दांव, शीघ्र खुलासा करेगी पुलिस

जबलपुर के खत्री सटोरिया से जुड़े तार, अन्य शहरों के बुकियों के शामिल होने की खबर

कटनी, यशभारत। माधवनगर थाना अंतर्गत झिंझरी स्थित महावीर कॉलोनी की शिवा फार्च्यून बिल्डिंग के बी ब्लॉक के फ्लेट नंबर 403 में पकड़े गए ऑनलाइन क्रिकेट सट्टे में शहर के बड़े नामचीन लोगों के शामिल होने की बात सामने आ रही है। बड़े-बड़े कारोबारी सट्टे में दांव लगा रहे थे। झिंझरी चौकी पुलिस शीघ्र ही इनके नामों का खुलासा करने वाली है। वहीं सट्टे के इस अवैध कारोबार के तार जबलपुर से भी जुड़ रहे हैं। इसमें किसी खत्री सटोरिया के भी तार जुड़ रहे हैं। इस मामले को लेकर पकड़े गए सटोरियों व बुकियों से पूछताछ करने के लिए जबलपुर पुलिस भी कटनी पहुंची और पूछताछ कर रही है। वहीं बुकियों के पास मिली हिसाब आदि की डायरी में दो करोड़ रुपए से अधिक का लेनदेने बताया जा रहा है, जिसका भी पुलिस शीघ्र खुलासा करेगी। पकड़े गए छह सटोरियों में से दो सटोरिया रोहित पंजवानी व दीपांकर मुखर्जी मुख्य सरगना बताए जा रहे हैं। इन्ही के इशारे पर हर दिन यहां पर करोड़ों रुपए के दांव लग रह थे। बताया जा रहा है कि शहर का यहां हाइप्रोफाइल सट्टा चल रहा था। एसपी ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की है। जप्त हुए मोबाइल और सिम के आधार पर पुलिस कॉल डिटेल खंगाल रही है। कहां से सट्टा का उतारा होता था, किन-किन शहरों तक नेटवर्क फैला था यह पता लगाया जा रहा है। गौरतलब है कि फ्लैट से 6 सटोरियों दीपांकर मुखर्जी, रोहित पंजवानी, दीपक परौहा, सुनील परौहा, विजय कुमार गौंड, ओमप्रकाश मंगवानी के पास से पुलिस को 46 मोबाइल, तीन लैपटॉप, एक लाइन पेटी मशीन, 39 कीपैड मोबाइल, 6 एंड्राइड मोबाइल, एक एप्पल आइफोन, एक टीवी, एक सेटअप बाक्स, छतरी, एयरटेल की दस सिम, एक प्रिंटर मशीन, 2 कैलकुलेटर, दो मोटर साईकिल सहित 8 हजार 490 रुपए जप्त किए गए हैं। आनलाइन क्रिकेट सट्टा पर मुखबिर की सूचना मिलने के बाद सीएसपी विजय प्रताप सिंह, माधवनगर थाना प्रभारी विजय विश्वकर्मा, झिंझरी चौकी प्रभारी रश्मि सोनकर, उदयभान सिंह की टीम ने दबिश देकर कार्रवाई की थी।

कलयुगी मां की करतूत बेटी थी इसलिए छोड़ा

बेटी बचाओ अभियान का कलयुगी मां ने घोटा गला

3 दिन की जन्मी नवजात बच्ची रोते बिलखते मिली डायल हंड्रेड की मदद से पहुंचाया अस्पताल

कटनी/बरही, यशभारत। कलयुगी मां की करतूत बरही नगर में उजागर हुई है। बेटा होने की चाइस ने उसे इस कदर अंधा बना दिया था कि बेटी का जन्म होने के बाद उसे रात में खुले आसमान के नीचे रोता बिलखता छोड़ गई। खुले मैदान में बिलख रही 3 दिन की नवजात बच्ची की आवाज सुनते ही लोगो ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद नवजात बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह मामला बरही नगर का है। रात में बच्ची को जन्म देने वाली कुमाता का पता भी चल गया, जिसे बरही पुलिस ने थाने में बुलाकर बच्ची को उसके सुपुर्द कर दिया है। इस संबधं में प्राप्त जानकारी मुताबिक बरही नगर के कटनी रोड स्थित मेला ग्राउंड में बीती रात 11 बजे 3 दिन की जन्मी एक नवजात बच्ची रोते बिलखते मिली खुले आसमान के नीचे मिली। मामले की जानकारी डायल हंड्रेड को दी गई। आरक्षक सौरभ पटेल 108 एंबुलेंस के चालक रविंद्र सिंह एवं राहगीर विनय तोमर की मदद से नवजात बच्ची को अस्पताल पहुंचाया गया जिसका डॉक्टर ने जांच परीक्षण किया। पता चला कि बच्ची पूर्ण रूप से स्वस्थ है जिसे जिला अस्पताल बेहतर उपचार के लिए भेजा जा रहा था। वही पुलिस मामले की जांच कर ही रही थी कि पता चला कि बरही नगर के वार्ड क्रमांक 09 की एक महिला ने एक बेटी को जन्मा है। पुलिस ने पूछतांछ की तो सारी सच्चाई उजागर हुई। बेटे की चाह ने बेटी का जन्म होने पर कुमाता ने इस तरह का कुकर्म किया था।

गांजा की तस्करी करते युवक गिरफ्तार

1 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद

कटनी, यशभारत। युवा पीढ़ी व आम जनता को नशे की लत से बचाने के लिए अभियान शुरू किया गया है। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन के निर्देश पर अवैध शराब के कारोबार, मादक पदार्थो के विक्रय पर कार्रवाई की जा रही है। रीठी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक गांजा तस्कर को दबोचा है। रीठी थाना प्रभारी सतीश तिवारी ने बताया कि बड़गांव निवासी शंकरलाल सोनकर द्वारा गांजा बेचे जाने की सूचना मिली। सूचना पर योजना बनाकर टीम गठित की गई। टीम के साथ ग्राम बड़गांव पहुंचकर बड़गांव तिराहा में घेराबंदी कर आरोपी शंकरलाल सोनकर निवासी बड़गांव को पकड़ा गया। जिसके कब्जे से एक थैले में 01 किलो 200 ग्राम गांजा कीमती करीब 10 हजार रुपए जप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 8, 20 एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। कार्रवाई में रीठी थाना प्रभारी सतीश तिवारी, उपनिरीक्षक सावित्री राजपूत, सहायक उपनिरीक्षक दिनेश सिंह चौहान, प्रधान आरक्षक भोलेशंकर हल्दकार, सुनील बागरी, भोलाराम गुप्ता, लखन पटेल आदि की भूमिका रही।

आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार पिंकी गर्ग पुत्री रमेश कुमार चौबे धर्मपत्नी प्रकाश गर्ग निवासी अशोक कालोनी शेरावाली मंदिर के पास कटनी, हाल मुकाम शाहनगर जिला पन्ना की निवासी है। उसकी दो संतान शशांक व ज्योत्सना है। प्रकाश गर्ग नशे की हालत में धुत होकर अशोक कालोनी कटनी में स्थित मकान को चोरी छिपे विक्रय करने पर सौदा कर रहा है व खुर्दबुर्द करने के इरादे में सौदेबाजी कर विक्रय करने की फिराक में है, जबकि उक्त संपत्ति में मेरे पक्षकार पिंकी गर्ग व उसकी संतान का अधिकार है। आवश्यक दस्तावेज भी मेरे कार्यालय में उपलब्ध हैं। अतः आम जनता को सूचित किया जाता है कि कोई वयक्ति अथवा बैंकिंग, संस्थान किसी भी प्रकार से खरीदी, विक्रय, गहन इत्यादि उक्त मकान को न करें। अन्यथा होने वाले परिणाम के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

कटनी दिनांक 09.10.2022

भवदीय
एस.के. शुक्ला, एडवोकेट
जिला न्यायालय, कटनी मो. 9752864409

अज्ञात वाहन ने 15 मवेशियों को कुचला

कटनी, यशभारत। कुठला थाना अंतर्गत चाका बायपास के आगे कैलवारा के समीप हाईवे रोड पर अज्ञात वाहन की बेलगाम गति के चलते एक दर्जन से भी अधिक गोवंश की कुचलने से मौत हो गई। सभी गोवंश का अंतिम संस्कार गौ सेवक नितिन तिवारी, आशु भदौरिया और सभी गौ सेवकों की मदद से किया गया।

कानपुर के चोर बरही बेचने आए थे जेवरात

व्यापारी को हुआ शक, आधार कार्ड मागते ही भागे चोर

घेराबंदी कर व्यापारियों ने दबोचा, किया पुलिस के सुपुर्द

कटनी/बरही, यशभारत। दो शातिर जेवरात बेचने बरही पहुंचे हुए थे। व्यापारी को संदेह हुआ, उसने पता पूछने के साथ ही आधार कार्ड मांगा तो दो भागने लगे। घेराबंदी कर दोनों चोरों को व्यापारियों ने दबोच लिया और बरही पुलिस के सुपर्द कर दिया। दोनों चोर कानपुर के रहने वाले बताए जा रहे है, जिनकी पुलिस जांच करने में जुटी है। दोनों चोर उसी सराफा कारोबारी के पास पहुंचे थे, जिसके 10 लाख रुपए कीमती सोना-चांदी के जेवरात से भरा बैग 20 दिन पूर्व अज्ञात चोरों ने पार कर दिया था। इस संबंध में बरही थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर ने बताया कि दो आरोपियों को पकड़ा गया है जो कानपुर के रहने वाले है, दोनों से पूछतांछ की जा रही है। पकड़े गए दोनों युवक बरही के सराफा कारोबारी श्रीराम ज्वेलर्स जेवरात बेचने पहुंचे हुए थे। दुकान में बैठे व्यापारी श्रीकांत सोनी को संदेह हुआ, जिसने नाम, पता पूछने के साथ ही आधार कार्ड मांगा तो दोनों भागने लगे। दुकानदार ने शोर मचाया तभी आसपास के दुकानदारों ने भाग रहे दोनों युवकों को दबोच लिया। पकड़े गए दोनों युवकों को पब्लिक ने सबक भी सिखाते हुए पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों युवकों को पकड़कर थाने ले गई, जिनसे पूछतांछ जारी है।

ROYAL ENFIELD
May I Help You

बुलट के वर्कशॉप में भड़की आग

कटनी, यशभारत। उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर स्थित रॉयल इनफील्ड वर्कशॉप में आग भड़कने से नुकसान की खबर है। इस संबंध में मिली जानकारी अनुसार वर्कशॉप के बगल से ही आईना स्टूडियो के संचालक सत्या रोचलानी ने वर्कशॉप की खिड़की से धुआं उठते देख बाहर लगे बिजली बोर्ड के मेन स्विच को बंद किया और इसकी सूचना वर्कशॉप के कर्मचारियों को फोन पर दी। कर्मचारियों ने तुरंत वर्कशॉप पहुंच कर आग को काबू में किया। बताया जाता है कि वर्कशाप में रखे कंप्रेसर पंप में आग लगी हुई थी। जिसके कारण भारी धुआं उठा था, वहां रखी कुछ नई गाड़ियों के अलावा सर्विसिंग के लिए आई गाड़ियों में कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

MR D.I.Y.
NOW OPEN
NOW OPEN
City Mall - Katni

आवश्यकता है
अमूल दूध के वितरण हेतु मेहनती युवकों की आवश्यकता है।
समयः- सुबह 5 बजे से दोपहर 1 बजे तक के लिए, वेतन योग्यतानुसार।
संपर्क -अक्षत डेयरी
मो. 9425628768

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें
फोन :- 230033

प्लाट बेचना है
दुबे कालोनी, जागृति कालोनी एवं पीयूष स्कूल के पास में बहुत ही किफायती दामों में प्लाट बेचना है।
संपर्क धर्मेंद्र तिवारी मो. 9827340910

वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ
डॉ. अशोक चौदहा
एम.बी.बी.एस.डी.सी.एच.
क्लीनिक- राष्ट्रीय स्कूल के पास, घंटाघर रोड, कटनी समय-10.30 से 3 बजे तक
निवास- डन कॉलोनी बरगवां, कटनी
मरीज देखने का समय सुबह 9 बजे से 10 बजे तक सायं 6.30 से रात्रि 8 बजे तक
मो. 9893723087, 8319994375

JOHNSON®
Not just tiles, Lifestyles.
सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- जॉकी शोरूम के पास में कटनी-जबलपुर रोड, बरगवां, मो. 9425153498, 7067666668

SHRI HOSPITAL KATNI
डॉ.दीपक सक्सेना
डॉ.शोभना सक्सेना
विश्वसनीय आईसीयू केयर, जनरल दूरबीन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फिजीशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ द्वारा दांतों के सभी प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।
डॉ. शोभित प्यासी बी.डी.एस./एम.डी.एस. रूट कैनाल विशेषज्ञ
डॉ. उपासना स्थापक बी.डी.एस./एम.डी.एस. पाइरिया एवं इम्पलांट विशेषज्ञ
संपर्क करें: श्री हॉस्पिटल एम०एम० चौबे वार्ड बरगवां कटनी
9425325316, 9425151543, 9752414316

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)